Dr. K. L. Shrimali: Sir, you are right. Probably, my hon. friend, Shri Tyagi has in mind article 117(3) of the Constitution. This does not attract the provisions of 117(3) because, as I had explained to him informally, this Sammelan has surplus funds and its Budget is not a deficit Budget. It has its income from examination fees and other sources. Therefore, it is not necessary to spend any money out of the Consolidated Fund of India. It is for this reason that we have not put in any financial memorandum. I had explained that in my introductory speech also.

Shri Tyagi: Is that clear?

Dr. K. L. Shrimali: Yes.

श्री ग्र० सिं० सहगल (जंजगीर) : उपाध्यक्ष महोदय , हिन्दी साहित्य सम्मेलन, १९६२ का जो बिल राज्य सभा से यहां आया है, उसका हिन्दी संसार में ही नहीं बल्कि सारे भारत में स्वागत किया जाएगा । अब हिन्दी भाषा भाषियों के सामने एक उत्तम असवर उपस्थित हुआ है जब कि वे इसके द्वारा इस संस्था को उच्च स्थान प्राप्त करवा सकते हैं और जिस प्रकार की और जिस उच्च कोटि की दूसरी युनिवर्स्टीज हमारे देश में हैं, उसी प्रकर की और उस उच्च कोटि की यूनिववर्स्टी इसको भी बनवा सकते हैं । जिस वक्त यह यूनिवर्स्टी का रूप धारण कर ले तो हमें यह देखना है कि इसके सम्बन्ध में सरकार के हाथ में कितने ताकत रहेगी और जो लोग इसमें लिए जायेंगे उनमें से सरकार के कितने नुमाइंदे होंगे ताकि किसी किसम की कोई गड़बड़ी इसमें पैदा न होने पाए ।

हिन्दी साहित्य सम्मेलन के इम्तिहानों में सब से ज्यादा हमारे लोग बैठते हैं, उसकी

परीक्षायें देते हैं और उनमें उत्तीर्ण होते हैं। साहित्य सम्मेलन ने कई पुस्तकों का प्रकाशन किया है, यह किसी से छिपा नहीं है। ऐसा कर के उस ने एक बहुत ही उत्तम कार्य इस देश में किया है। इस में सब से महत्वपूर्ण चीज अंग्रेजी के वैज्ञानिक शब्दों का अनुवाद होगा जो कि वह प्रकाशित करेगा और आज भी कर रहा है। उस से बहुत बड़ी मदद हम लोगों को मिलेगी।

हमारे कुछ बुजुर्गों ने सम्मेलन के बारे में अपने कुछ विचार राज्य सभा में रक्खे हैं। यह बहुत खेद का विषय है। राजर्षि टंडन जी ने जो कार्य हिन्दी के लिये किया है वह एक आदर्श की चीज भारत के लिये होगी और स्वर्णाक्षरों में लिखी जायेगी। उन की सेवाओं के लिये हमें उन के प्रति आभार प्रदर्शित करना चाहिये। हिन्दी में संस्कृत और दूसरी भाषाओं के बहुत से शब्द मिलेंगे। यदि दूसरी भाषाओं को देखा जाये तो उनमें भी संस्कृत शब्द आप को ज्यादा मिलेंगे। लेकिन संस्कृत के इन शब्दों को जितना प्रोत्साहन मिलना चाहिये, मेरा खयाल है कि उतना हम ने नहीं दिया है। दूसरे भाषा-भाषियों को चाहिये कि वे सम्मेलन की परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के लिये अपने भाइयों को ज्यादा बिठलायें और अपने बच्चों को इस की शिक्षा दें। इस वक्त दक्षिण भारत में और गुजरात आदि में जिस तरह से काम हो रहा है, उस में तीव्रता लाने की आवश्यकता बहुत अधिक प्रतीत होती है। सम्मेलन का इन्तजाम ऐसा होना चाहिये कि जहां दूसरे भाषा भाषी लोग हैं वहां पर हिन्दी को पढ़ाने का प्रबन्ध ज्यादा किया जाये। यदि हम ऐसा करेंगे तो मैं समझता हूं कि यह हमारे देश के लिये एक बहुत ही उत्तम चीज होगी।

आज कुछ लोगों में यह भ्रम पैदा हो गया है कि जो यह बिल है उस के आने से शायद सरकार का कब्जा इस सम्मेलन पर हो जायेगा। यह गलत चीज है। सम्मेलन के पास आज खुद का पैसा है। उस पैसे का इन्तजाम करने के लिए एक कमेटी बनाना ठीक है। कमेटी में भी बहुत ज्यादा आदमी न रक्खें जायें। इतने ही रक्खे जायें जिस से वहां पर एकपन हो और वे इस कार्य को अच्छी तरह चला सकें। हिन्दी साहित्य सम्मेलन में कार्य करने वालों को बराबर जो खर्च दिया जा रहा है उसमें यह देखना पड़ेगा कि उन की तल्वाह मिल रही है या नहीं। यदि तल्वाह न देने की वजह से उन में किसी किस्म की खामियां आ गई तो उस में जो गलती होगी वह होगी सम्मेलन की और सम्मेलन को चलाने वालों की। इसलिये जरूरी है कि इस में सरकारी निरीक्षण रक्खा जाये। हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने कितने क्षेत्रों में काम किया है यदि यह चीज विवरण के साथ इस सदन के सामने रक्खी जाती है और हिन्दी साहित्य सम्मेलन की जब से स्थापना हुई है तब से आज तक उस ने क्या क्या काम किया, किस किस क्षेत्र में काम किया यह सब दिया गया होता तो अच्छा होता क्योंकि इस से सदन के माननीय सदस्यों को भी मालूम हो गया होता कि उस का कार्य कितना महत्वपूर्ण रहा है। अभी तक हमारे बहुत से भाइयों को नहीं मालूम कि वहां पर किस तरह से कार्य होता है और उसने किस तरह से इतना ज्यादा काम किया है ताकि हमें उस को एक यूनिवर्सिटी का रूप देने में सरलता हो। मैं मंत्री जी से इस बात की प्रार्थना करना चाहता हूं कि वे इस चीज को यहां पर रखने की कृपा करें।

जो दूसरी भाषाओं के ग्रंथ हैं जैसे बंगला के, पंजाबी के, तामिल, तैलगू, मराठी आदि के उन के बड़े बड़े लेखकों ने जो प्राचीन काल में और अब अपने विचार रक्खे हैं, हिन्दी साहित्य सम्मेलन उन का अनुवाद कराये। जो बड़े बड़े सन्तों और महापुरुषों ने अपने विचार रक्खे हैं उनका अनुवाद करवाना बहुत आवश्यक है, उन के लेखों का हिन्दी में लाना बहुत आवश्यक है ताकि हिन्दी भाषाभाषियों को मालूम हो जाये कि हमारे देश की दूसरी भाषाओं में भी

[श्री अ० सिं० सहगल]

कितने महान ग्रंथ हैं और उन से हमें कितना फायदा मिल सकता है । सम्मेलन ने जो भी कार्य किया है वह बड़ा कार्य है, इस में कोई दो मत नहीं हो सकते । खास कर हमारे शिक्षा मंत्रालय ने इस बारे में जो कदम उठाया है वह बहुत ही सराहनीय है । यही नहीं बल्कि मंत्रालय के इस कदम से इस बात की भी एक झलक मिलती है कि उन्होंने हिन्दी के लिये जो कार्य किया है वह बहुत ही उत्तम है ।

इसके साथ साथ मैं इस बात की ओर भी उन का ध्यान आकर्षित करूंगा कि यहां पर जो भी किताबें निकाली जायें वे छोटे छोटे बच्चों के लिये भी हों जो कि हिन्दी भाषाभाषी नहीं हैं । उन के लिये इस तरह की चीजें बनाई जायें ताकि हर जगह रहने वाले खास कर दक्षिण भारत के लोग उन को समझें ताकि उन को यह न मालूम हो कि उन पर हिन्दी को लादा जा रहा है । यहां पर बहुत से मित्रों ने विचार प्रकट किया कि उन पर कोई चीज लादी न जाये । मैं मानता हूं कि कोई भी चीज अगर हिन्दी साहित्य सम्मेलन करे, भले ही वह देश के लाभ के लिये ही क्यों न हो, इस तरह से की जाये जिसमें हिन्दी का प्रचार हो और सभी लोग हिन्दी सीख सकें क्योंकि वह हमारे देश की भाषा है ।

श्री गोतम (बालाघाट) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस विधेयक का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं । यह विधेयक बहुत अच्छा है और इसमें हम हिन्दी की प्रगति कर सकेंगे, परन्तु मैं देखता हूं कि आज की जो हिन्दी है उसकी कुछ चिन्धी सी हो रही है । अभी हमको यह बुकलेट मिली है जो कि पब्लिसिटी डिपार्टमेंट से निकाली गई है और इसका नाम है : 'खुशहाली के लिये परियोजनायें' । इसको जब मैं देखता हूं तो पाता हूं कि इसमें एक ही पृष्ठ २१ पर करीब १३ जगहों में अंग्रेजी इस्तेमाल में लाई गई है । इसके उदाहरण के लिये मैं बतलाता हूं कि सफा २१ पर कुछ फिगर्स हैं । वे सारे के सारे अंग्रेजी में लिखे हैं । मैं नहीं जानता हूं कि इसके पीछे क्या बात है । क्या हिन्दी में कोई अंक ही नहीं हैं ? इस तरह से अंग्रेजी का उपयोग क्यों किया जाता है और वह भी उन पैम्फलेट्स में जो कि सरकार द्वारा निकाले जाते हैं । यह जो सम्मेलन का ध्येय है कि एक शुद्ध सुबोध हिन्दी का विस्तार किया जाये वह बहुत अच्छा है किन्तु उसी रूप में हमारे सरकारी पैम्फलेट्स आदि भी निकाले जायें ।

हिन्दी साहित्य सम्मेलन की बहुत सी परीक्षायें होती हैं और कई जगहों पर उस के केन्द्र भी होते हैं । परन्तु देखने में यह आया है कि सिर्फ केन्द्र न खुलने की वजह से बहुत से परीक्षाओं में बैठने के इच्छुक उसका उपयोग नहीं कर सकते हैं और न उसका फायदा उठा सकते हैं । मैं खुद अपने स्थान बालाघाट के बारे में बतलाता हूं कि एक जिला है । वहां पर सन् १९६१ में केन्द्र न होने के कारण १५ विद्यार्थी इस इम्तहान में नहीं बैठ सके । परिणाम यह हुआ कि जिन लोगों ने इतनी तैयारी की थी उनका बड़ा भारी नुक्सान हुआ । केन्द्र खोलने के लिये बहुत से उपाय लिये गये किन्तु सफलता नहीं मिली । कालेज वाले इसके लिये तैयार नहीं हुये, हाई स्कूल वाले इसके लिये तैयार नहीं हुये । इसलिये जो लोग परीक्षा में बैठना चाहते थे उनका इतना नुक्सान हो गया । मैं आशा करता हूं कि जब हिन्दी साहित्य सम्मेलन विधेयक को कानून का रूप दिया जा रहा है तब इसका भी ख्याल किया जायेगा ।

दूसरी बात यह है कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन की परीक्षाओं में जो लोग पास भी होते हैं उनको डिगरी तो मिलती है परन्तु उनकी उतनी कद्र नहीं होती । सरकारी नौकरियां जब दी जाती हैं तब उनका भी विचार किया जाना चाहिये । यद्यपि उनकी

डिगरी को अंग्रेजी की डिगरियों के इक्वीवैलेंट माना गया है, परन्तु जब सरकारी नौकरियों का प्रश्न आता है तो उन डिगरियों को कोई खास प्राधान्य नहीं दिया जाता । इस ओर भी थोड़ा ख्याल किया जाना चाहिये । मैं देखता हूं कि हिन्दी का महत्व बहुत ज्यादा है । मैं यह कह सकता हूं कि जहां मैं पूरे हिन्दुस्तान में घूमा हूं मैंने देखा है साधारण तौर से हिन्दी समझी जाती है, चाहे वह मद्रासी हो, चाहे बंगाली हो, चाहे पंजाबी हो या आंध्रवाला हो सभी हिन्दी समझते हैं, यहां तक कि तांगे वाले और कुली सभी इसको समझते हैं । तो हिन्दी का महत्व सभी जानते हैं और सभी इसको समझने लगे हैं । इस विधेयक के पास होने से उसका महत्व और ज्यादा बढ सकेगा और यह बहुत अच्छी बात है ।

13 hrs.

हिन्दी लिखने की आजकल एक और प्रणाली निकली है । पहले हम देवनागरी लिपि में, अ, इ, उ आदि अलग अलग लिखते थे । इस नई प्रणाली में अ के आगे मात्रायें लगाकर इकार या उकार बनाया जाता है । इस प्रणाली के चल जाने से आज हिन्दी में यूनीफारमिटी नहीं है । पहले इ लिखी जाती थी, उसके स्थान पर अब अ के पहले कि लगाकर अि बनता है, इसी प्रकार जहां पहले उ लिखा जाता था तो इस नई प्रणाली के अनुसार अ के नीचे ु लगाकर अु बनेगा । तो इस तरह से देवनागरी लिपि की यूनिफारमिटी गड़बड़ हो गयी है । मेरा सुझाव है कि देवनागरी में यूनिफारमिटी लानी चाहिये । या तो जो पहले देवनागरी लिपि थी उसी को रखा जाये और अगर उसका रूप बदलता है तो वैसा किया जाये और केवल उसी लिपि को मान्यता दी जाये । अभी यह हो रहा है कि कई ग्रन्थ पुरानी लिपि में लिखे जाते हैं तो कई नई लिपि में लिखे जाते हैं । इस लिये लोगों को उनको समझने में कठिनाई होती है ।

डा० मा० श्री० अणे (नागपुर) : नया तरीका टाईपिंग के लिये सुविधाजनक है ।

श्री गौतम : अगर ऐसा है तो वही लिखा जाये, उसी को अपनाया जाये । मेरा यह कहना नहीं है, कि पुराना तरीका ठीक है या क्या तरीका ठीक नहीं है । लेकिन इन दोनों का चलना ठीक नहीं है । हमें चाहिये कि जिसमें ज्यादा सुभीता हो उसे अपना लें और सारे ग्रन्थ उसी तरीके के अनुसार लिखे जायें । यही मेरा सुझाव है ।

Shri A. C. Guha (Barasat): Sir, a Bill of this nature is generally to be welcomed, and hon. Members who have spoken in this House have more or less supported this Bill. I also have nothing to object to the passing of a Bill of this nature, but I have some misapprehensions about certain provisions and also about the rather limited nature of this Bill.

Hindi is the language, according to the Constitution, to be adopted by the Central Government. But the Central Government has not been able to observe the time-schedule with regard to it, because there have been some misgivings and suspicions in the minds of the people of different regions about the political implications of Hindi being adopted as the language of the Central Government. Anything to be done for the development of Hindi should take into consideration this recent development within the geographical and political entity of India. Before Independence we were all enthusiasts of Hindi, but there has been a definite change in the attitude of the people of the different parts of the country after Independence. Recently this change in attitude has been sharpened and there is a definite opposition to Hindi being adopted as the language of the Central Government. This feeling of suspicion is to be taken as a retrograde step in our political psychology, but this is a reality, and the Government cannot ignore this reality. So, any steps taken for the development of

[Shri A. C. Guha]

Hindi must be taken against the background of this growing suspicion about Hindi domination or the domination of the people belonging to the Hindi region. The signs of this change are apparent not only in the South but also in the northern and eastern parts of India.

This Bill is intended to give a certain status to the Hindi Sahitya Sammelan only, but there are similar bodies for all the other languages of India. According to the Constitution, all the 14 languages are entitled to some sort of recognition and encouragement from the Central Government. When the Central Government is passing a Bill only to give the Hindi Sahitya Sammelan a special status, naturally the people of Tamilnad, of Bengal and other linguistic regions will feel that their association for their particular language is being ignored. The Minister in charge was a student in Calcutta. So he ought to know that in Bengal there was the Bangiya Sahitya Parishad and there was also a Bengali Sahitya Sammelan. I cannot specify the names of similar associations for the other languages, but surely all the languages have got similar associations. Why has not the Government brought a Bill comprehensive enough to cover all those associations so that the people speaking other languages may not have any feeling of being ignored?

Shri Braj Raj Singh: In the Bill, is there anything about the Hindi language?

Shri A. C. Guha: I am placing my views according to my light. I am sorry I cannot be so wise as the hon. Member opposing me!

Shri Braj Raj Singh: I am not opposing. I am only pointing out the relevancy of his speech.

Mr. Deputy-Speaker: Order, order.

Shri A. C. Guha: I would like to draw your attention to clause 6 of the Bill, especially, to sub-clauses (d) and (e) and also to clause 12(1) (i) and (j). Sub-clause (d) of clause 6 is with regard to degrees and diplomas and other academic distinctions, and sub-clause (e) is to establish and maintain schools, colleges and other institutions for instruction in Hindi and also to affiliate schools, colleges and other institutions for its examinations. The speaker who preceded me has already made a complaint that in Government offices the degree-holders of the Hindi Sahitya Sammelan do not get the same privilege as the degree-holders of universities. After the passing of this Bill, I think that disqualification or disability will be removed. Then, may I ask how the people of other languages would not have the feeling that their association of those languages also might confer the degrees and might have schools and institutions affiliated to them? I think from that point of view, this Bill has been drafted with a very narrow outlook and not keeping in view the proper interests of the country as a whole.

The Minister has stated that the immediate provocation for this Bill is that there had been some internal trouble within the Hindi Sahitya Sammelan resulting in a riot of statement in the affairs of the Sammelan and for that they could have taken certain administrative steps. But this Bill is giving the Hindi Sahitya Sammelan a very distinctive position in the country. After the passing of this Bill, the Hindi Sahitya Sammelan will be considered an institution of public importance. That means it will come within the scope of operation of the University Grants Commission, whereas similar bodies for other languages of India will not have that facility and that privilege. That is a sort of discrimination against the other languages.

Let it be made clear by me that I am not at all opposed to Hindi being developed or being made the language of the Central Government. But for that, the Government should take

the prevalent psychology of the people into their consideration. They should not rush into any step which may aggravate the prevailing misgivings and suspicions.

Shri N. R. Muniswamy who was the first speaker today on this Bill already mentioned that the protagonists of Hindi, the Hindi enthusiasts, have been the greatest opponents for the development of Hindi and for Hindi being adopted as the language of the Central Government. They should be more discreet than enthusiastic. Enthusiasm does not always pay; it must be guided by discretion and a proper understanding of the mood of the people.

Then I may refer to some of the provisions of the Bill. There is a provision in the Bill that the rules to be made by the first governing body are to be laid on the Table of both the Houses but under clause 17 the subsequent governing body will also have the authority to amend or to make rules. There is nothing in this Bill for those rules to be laid on the Table of the House. I think that provision should have been there. Even if the provision is not there, the Minister should see that it may be adopted as a convention that those rules also will be laid on the Table of the House, so that the House may take notice of those things.

Dr. K. L. Shrimali: I would draw his attention to clause 12(4) where it is provided that the rules shall be laid before both Houses of Parliament.

Shri A. C. Guha: That is about the first governing body. There is nothing like that about the subsequent governing body mentioned in clause 17.

The hon. Minister has stated that there have been some internal squabbles and troubles, because of which the work of the Sammelan has almost come to a stalemate and that is why he is coming forward with this Bill. But what is the guarantee that in future also, there would not be such internal squabbles in the Sammelan, even after giving recognition to the Sammelan? The Minister might say that powers given under clause 19 may be utilised. But that clause is too wide and I do not know whether the Sammelan would have the requisite autonomy if the Government frequently use the powers under clause 19. So, apart from such wide power as given by clause 19, there should have been some provision, so that in case internal troubles arise in future, Government may intervene and make proper arrangements to remove them.

श्री ब्रजराज सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस विधेयक का स्वागत करता हूं। मुझे दुःख है कि कई माननीय वक्ताओं ने जिन्होंने पता नहीं किस कारण से कहा कि वे इस विधेयक का स्वागत करते हैं लेकिन वास्तव में इसका विरोध करने का उन्होंने प्रयत्न किया है ।

आखिर इस विधेयक में कौन सी ऐसी चीज है जो कि हिन्दी को कोई एक विशेष दर्जा दिलाती है ? मैं पहले ही इस चीज को साफ कर देना चाहता हूं कि मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कि हिन्दी के वास्ते कोई विशेष दर्जा चाहते हैं। मुझे तो ऐसा लगता है कि जो वक्ता महोदय ऐसा कहते हैं कि इस बिल के द्वारा हिन्दी को कोई विशेष दर्जा दिया जा रहा है उन्हें वास्तव में हिन्दी साहित्य सम्मेलन का इतिहास मालूम नहीं है । हिन्दी साहित्य सम्मेलन एक संस्था कुछ उन लोगों ने जो राष्ट्रीय विचारधारा के थे, जिनका कि राष्ट्रीय आंदोलन में प्रमुख हाथ था और जिन में कि बाबू पुरुषोतमदास टंडन एक प्रमुख व्यक्ति थे, उन्होंने इस का संस्थापन किया। इलाहाबाद में उसका प्रधान कार्यालय था और यह संस्था उस

[श्री ब्रजराज सिंह]

काल से जब हम गुलाम थे तब से हिन्दी के विकास और प्रचार का कुछ काम करती रही। उस ने इस के लिए अपनी कुछ परीक्षाए भी लीं और जैसे उस जमाने में एम० ए० वगैरह की परीक्षाएं होती थीं वैसे ही हिन्दी साहित्य रत्न की उनकी परीक्षा उस एम० ए० की परीक्षा के समकक्ष थी। यह ध्यान देने की बात है कि राष्ट्रीय आंदोलन के जमाने में न सिर्फ यही एक संस्था बल्कि कुछ दूसरे राष्ट्रीय विद्यालय भी थे और महात्मा गांधी के आदेशानुसार वह राष्ट्रीय विद्यालय काम करते रहे और उन के द्वारा भी कुछ डिग्रियां और उपाधियां आदि वितरित की जाती थीं। अब इस हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा उपाधि वितरण का कार्य जो कि उसके द्वारा पहले से किया जा रहा है उसी को इस विधेयक के द्वारा यदि जारी रक्खा जाता है तो मेरी समझ में नहीं आता कि कैसे कुछ लोग यह समझ लेते हैं कि इस विधेयक द्वारा हिन्दी को कोई विशेष दर्जा दिया जा रहा है ? मैं नहीं समझता कि इस में हिन्दी को कोई विशेष दर्जा दिये जाने की बात है और जैसे मैं ने पहले दिन निवेदन किया मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कि चाहते हैं कि हिन्दी को कोई विशेष दर्जा दिया जाये। लेकिन मैं एक बात अवश्य उन लोगों से पूछना चाहता हूं जो कि जब भी उन्हें अवसर मिलता है किसी न किसी तरीके से एक ऐसे राष्ट्रीय निश्चय का जो कि आज नहीं अपितु आज से दसियों साल पहले लिया गया था उसका विरोध करने के लिये तैयार रहते हैं। संविधान में राज भाषा के सम्बन्ध में स्पष्ट व्यवस्था दी हुई है तो भी वह मित्र उसका लगातार विरोध करने की कोशिश करते हैं। मैं अपने उन मित्रों से पूछना चाहता हूं कि क्या उन के सामने देश की एकता के लिए इसके अलावा कोई दूसरा विकल्प मौजूद है? मैं उन से यह भी पूछना चाहूंगा कि क्या दुनिया में कोई दूसरा राष्ट्र भी ऐसा है जहां कि संसद् में, सरकारी दफ्तरों में, परस्पर पत्र व्यवहार में किसी विदेशी भाषा का प्रयोग होता है? भले ही वह कितनी ही धनी हो, कितने ही अच्छे उस में शब्द हों और कितना ही अच्छा उसका साहित्य हो? जब दुनिया के किसी भी देश में इस तरह का उदाहरण नहीं मिलता जहां कि विदेशी भारा का प्रयोग होता हो तब हमारे देश में जो विदेशी भाषा के स्थान पर हिन्दी को लाने की बात की जाती है तो मेरी समझ में नहीं आता कि उसका हमारे इन मित्रों द्वारा क्यों विरोध करने की कोशिश की जाती है हिन्दी के अलावा अगर कोई अन्य प्रादेशिक भाषा संघ राज्य भाषा बन सके तो मैं उसका स्वागत करूंगा। अब मेरे इन कुछ मित्रों के दिमागों में हमेशा शंका बनी रहती है कि यह हिन्दी का डौमीनेशन हो रहा है हिन्दी का प्रभुत्व कायम किया जा रहा है। मुझे लगता है कि हिन्दी के नाम पर वह कुछ इन लोगों के प्रभुत्व का विरोध करते हैं जो उन्हीं के दल के हुआ करते हैं। कोई मिनिस्टर हिन्दी भाषी प्रान्त से आता है भले ही जनता जो कि उसे चुन कर भेजती है गरीबी में फंसी हो लेकिन चूंकि मिनिस्टर उस प्रान्त से आता है इस लिए हिन्दी भाषा का विरोध किया जायेगा। मैं चाहता हूं कि ऐसे लोगों में साहस पैदा होना चाहिए कि वह उस मिनिस्टर का विरोध करें और उस हालत में मैं उनका साथ दूंगा। जहां तक हिन्दी का सम्बन्ध है मैं समझता हूं कि यही भारत संघ की राज भाषा होने की क्षमता रखती है और इसके द्वारा देश की एकता होनी है। अब जहां तक उनकी सारे ऐडमिनिस्ट्रेशन पर हिन्दी भाषियों के डोमीनेट करने की बात है मैं अगर मुनासिब समझा जाये तो, इस बात के लिए तैयार हूं कि दस साल तक के लिऐ कोई ऐसा नियम बना दिया जाये

कोई ऐसा प्रतिबंध लगा दिया जाय कि उस समय तक हिन्दी भाषी प्रान्तों से इन जगहों पर लोग नहीं लिये जायेंगे बल्कि अहिन्दी प्रान्तो के लोगों को उन पोजीशन के स्थानों पर लिया जायेगा। विधान में कोई इस तरह की व्यवस्था करलें अपने आप अपने ऊपर कोई इस तरीके का प्रतिबंध लगा लें मैं इस बात के लिए तैयार रहूगा।

जो मित्र इस तरजी का लांछन लगाया करते हैं इस तरह का आक्रमण किया करते हैं कि यह तो हिन्दी का डोमीनेशन है और हिन्दी का प्रभुत्व दूसरी भाषाओं पर लादा जा रहा है उन से मैं कहूंगा कि क्या उनके पास हिन्दी के विकल्प के अलावा देश की एकता के लिए कोई दूसरा विकल्प है। क्या देश को एकता, उत्थान और देश में जनता का राज बिना जनता की भाषा स्थापित किये हो सकता है? दुनिया के किसी अन्य देश में ऐसा मुमकिन नहीं हो सकता तो फिर हमारे यहां ही कैसे हो सकता है?

अब जहां तक सरकार द्वारा हिन्दी को प्रोत्साहन देने की बात हम तो खुद सरकार की हिन्दी नीति के आलोचक हैं क्योंकि वह खुद ढिलमिल नीति अपनाती है और वह खुद अंग्रेजी पसन्द है। हमारे मित्र शिक्षा मंत्री महोदय डा० श्रीमाली यहां बैठे हैं और मैं तो उनकी मौजूदगी में यह बात कहना चाहता हूं कि जहां तक होता है वह हिन्दी में किये गये प्रश्नों का भी जवाब अंग्रेजी में देते हैं और आप देखेंगे कि जब वह आज बहस का उत्तर देंगे तो भी अपना भाषण अंग्रेजी में ही शुरू करेंगे क्योंकि उन्हें लगता है कि अगर उन्होंने अंग्रेजी में नहीं बोला तो शायद यह समझा जायगा कि अंग्रेजी का महत्व वे कम समझने लगे हैं। अब मंत्री महोदय पर मेरा कोई लांछन नहीं है और वह उठने की तकलीफ न करें। लेकिन जैसे मैंने कहा कि एक विचारधारा चलती है .....

डा० का० ला० श्रीमाली : मैं यहां पर यह साफ कर देना चाहता हूं कि जब भी हिन्दी में प्रश्न होता है तो मैंने हमेशा उसका जवाब हिन्दी में दिया है।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (गुड़गांव) : श्री ब्रजराज सिंह का आरोप यह है कि आप अंग्रेजी में अपना भाषण देते हैं। उनका कहना यह है कि आज जो आप जवाब दें वह हिन्दी में दें।

श्री ब्रजराज सिंह : मेरा डा० श्रीमाली से कोई खास विरोध नहीं है। मैं तो कहना चाहता हूं कि अंग्रेजी का मोह न त्यागने और उससे चिपके रहने की देश में इस तरह की एक प्रवृत्ति हो गई है और समझा यह जाता है कि जब तक अंग्रेजी में भाषण नहीं किया जायेगा तब तक यह समझा जायगा कि अंग्रेजी के महत्व को हम कम करने लगे हैं।

आखिरी बात मैं यह निवेदन करूंगा कि एक बात निश्चित कर लेनी चाहिये और अगर कोई व्यवस्था हो सकती हो तो कर लेनी चाहिये जिससे संसद् में जो हमारे तामिल भाषी व अन्य भाषा भाषी मित्रहैं वे अपनी उन मातृभाषाओं में यहां भाषण दे सकें और उनका अनुवाद किया जाये या और कोई प्रबन्ध किया जाय लेकिन उन पर यह दबाव न डाला जाये कि उन्हें हिन्दी या अंग्रेजी में ही यहां बोलना पड़ेगा। जिसकी मातृभाषा तामिल और बंगला आदि हो उन पर यह दबाव न डाला जाये कि वे संसद् में हिन्दी या अंग्रेजी में ही बोलें। उनको अपनी मातृ-भाषा में भाषण देने की आजादी हो...

उपाध्यक्ष महोदय : प्रीसाइडिंग आफिसर की क्या हालत होगी?

श्री ब्रजराज सिंह : अब वह तो उस का कोई न कोई हल निकाल लेंगे। अगर मुझ से पूछा जायेगा और मैं उस वक्त प्राप्य हूंगा तो मैं उसका हल जरूर बतलाऊंगा। लेकिन ऐसी कोई इच्छा ही नहीं है। लोगों में इस तरह की व्यवस्था करने की इच्छा नहीं है और अंग्रेजी से चिपके रहना चाहते हैं लेकिन कहने को कह दिया जाता है कि हिन्दी और दूसरी प्रादेशिक भाषाओं का झगड़ा है। मैं कहना चाहता हूं कि वह झगड़ा नहीं है। अगर इस बात की जांच पड़ताल की जा सके, तो मालूम होगा कि हिन्दुस्तान के आजाद होने और हिन्दी को देश की सरकार भाषा घोषित किये जाने के बाद कितने ही विदेशी हितों ने हिन्दी के खिलाफ षड्यंत्र किया है और अंग्रेजी के प्रचार के लिये करोड़ों रुपया खर्च किया है। लेकिन विदेशी हितों को अंग्रेजी से कोई खास प्रेम नहीं है। उन की इच्छा तो यह है कि स्वाधीनता की परम्परा इस देश में न जमने पाये—इस देश में ऐसी स्थिति न हो सके कि जिन लोगों से हमारा पहले लगाव रहा है, वह लगाव समाप्त हो सके। इसी लिये अंग्रेजी को इस देश में बनाये रखने का हमेशा प्रयत्न किया गया है। मेरी सूचना है कि करोड़ों रुपया इस षड्यंत्र पर खर्च किया गया है कि अपनी भाषा को अपनाने की भावना इस देश में पैदा न हो। पहले यह बात सब ओर से कही जाती थी कि हिन्दी के द्वारा यह देश एक हो और हिन्दी के द्वारा देश का राष्ट्रीय आन्दोलन चले, लेकिन आज कौन सी बात पैदा हो गई है कि इन सीजन एंड आउट आफ सीजन—मौसम-बेमौसम—चाहे चीफ़ मिनिस्टर्ज कांफ़रेंस हो, राष्ट्रीय एकता समिति हो या हिन्दी साहित्य सम्मेलन विधेयक पर बहस हो, या कोई रिपोर्ट पेश हो, जब भी कोई मौका मिलता है, हमेशा इस बात का जिक्र जरूर किया जाता है कि हिन्दी वाले डामीनेशन चाहते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि हिन्दी वालों के डामीनेशन को खत्म किया जाना चाहिये। किसी पर हिन्दी का प्रभुत्व कायम करने का सवाल नहीं है। मैं तो उन लोगों से हूं, जो यह चाहते हैं कि अगर जरूरत पड़े तो इस आशय का कानून बनाया जाना चाहिये, कि पांच दस साल के लिये हिन्दी-भाषीय प्रांत से कोई व्यक्ति प्राइम मिनिस्टर नहीं बनेगा।

मैं माननीय सदस्यों, श्री अरुणचन्द्र गुह, श्री मुनिस्वामी, श्री थानु पिल्ले और दूसरे मित्रों से यह पूछता हूं कि क्या उन में यह हिम्मत है कि वे यह कहें कि हिन्दी भाषी प्रान्त से कोई व्यक्ति प्राइम मिनिस्टर नहीं होना चाहिये। वे नहीं कहेंगे, क्योंकि इस से उन का अपना अस्तित्व खत्म होता है। अपना अस्तित्व कायम रखने के लिये वे हिन्दी भाषा का विरोध करते हैं, जिस से देश की एकता भंग होती है और देश को नुक्सान होता है।

Shri Thanu Pillai (Tirunelveli): May I know what he said about me?

Mr. Deputy-Speaker: I will give him an opportunity to ask that.

Shri M. R. Krishna (Karimnagar—Reserved-sch. Castes): We do not know what he says about us

श्री ब्रजराज सिंह : मैं आशा करता हूं कि जो बिल हमारे सामने है, उस को सच्ची भावना से पास किया जायगा और जो मित्र मौसम बेमौसम हिन्दी का विरोध किया करते हैं, वे इस बात को छोड कर कोई रचनात्मक काम करने की कोशिश करेंगे। जिन लोगों को हिन्दी के प्राटेगानिस्टस कहा जाता है, जिन के बारे में यह कहा जाता है कि वे दूसरी भाषाओं को कुर्बान कर के हिन्दी का प्रचार करना चाहते हैं, मैं इस बात का आश्वासन देना चाहता हूं कि उनकी कतई यह इच्छा नहीं है कि इस देश की

दूसरी भाषाओं को नुक्सान हो। हिन्दुस्तान की सभी भाषायें एक दूसरे की बहनें हैं और एक भाषा का विकास दूसरी भाषा के विकास से सम्बन्धित है। सभी भाषाओं का विकास होना चाहिए।

लेकिन हिन्दी भाषा को अपनाने का मतलब यह नहीं है कि उस का साहित्य दूसरी भाषाओं से अच्छा है। बंगला का साहित्य बहुत उत्कृष्ट है और तमिल भाषा सब से पुरानी भाषा है, लेकिन हिन्दी को इस लिये स्वीकार किया गया है क्योंकि इसका कोई विकल्प नहीं है। देश की एकता के लिए, उस के उत्थान और विकास के लिए, देश-वासियों में स्वाभिमान और देशाभिान की भावना को कायम रखने के लिए हिन्दी को अपनाया जाना बहुत जरूरी है। इसलिए यह आवश्यक है कि सभी लोग हिन्दी को इच्छा से स्वीकार करें, क्योंकि हिन्दी के विकास के अलावा देश के सामने और कोई विकल्प नहीं है।

Shri Thanu Pillai: Mr. Deputy-Speaker, this Bill, which is called the Hindi Sahitya Sammelan Bill, is in fact and in effect a Hindi University Bill. If you look into the clauses, it will establish and maintain schools and colleges and other institutions for instruction in Hindi language and Hindi literature, it will arrange for the holding of examinations and affiliate institutions it is only the prerogative of the Universities to give affiliation to other institutions, not for this Sammelan—will affiliate institutions having for their object the promotion of Hindi langage and Hindi literature, will award honorary degrees and other academic distinctions to persons who may have rendered distinguished service to the cause of Hindi, will award prizes to distinguished scholars in Hindi and will co-operate with other institutions having objects similar to those of the Sammelan. The Sub-clauses of clause 6 are so comprehensive that this Sammelan is given the authority and powers of a University. If it is a University Bill. the application of the attention of hon. Members would have been entirely different from what it is today on this Bill. Then, if you read the statements . . .

Dr. K. L. Shrimali: If I may interrupt the hon. Member, I should like to inform him that these are not new powers which are being given to the Sammelan. Since its inception, the Sammelan has been discharging all the functions like conferring degrees and diplomas, affiliation of institutions all over India etc., So, let there be no misapprehension on this account. All that we are doing is to take the institution out of the difficulty in which it finds itself today. That is the limited objective of this Bill. These are not new powers which have been conferred on this institution; they are all there. In fact, the Government of India and several universities in India have recognised the degrees of this institution.

Shri Thanu Pillai: So far as Hindi language is concerned, in a limited way, these Hindi pandits might be accepted as degree holders. There are Tamil pandits who are well-read, who have written examinations and obtained degrees. Would the Government of India, for that reason, appoint a Tamil pandit like an M.A., or M.Sc., graduate in the Government of India service? I simply cannot understand it.

Shri Raghunath Singh (Varanasi): That is the fault of your State. They should have done it.

Shri Thanu Pillai: Today, through this Bill we are giving recognition to an institution which, in effect, will become a Hndi University. Sub-caluse (a) of clause 6 says;

> "to promote the spread of Hindi language and to develop it and secure its enrichment in the manner indicated in article 351 of the Constitution."

[Shri Thanu Pillai]

It is a constitutional obligation of the Government of India, and the Government of India, I am afraid, is trying to abdicate its power and hand it over to the Hindi Sahitya Sammalan. I can very well understand if a Hindi University is established in Delhi, or preferably in the south, for spreading the Hindi language. If it is only for writing of books and publication of books, these powers should not be conferred on this Sammelan. So, I would like to know whether it is going to be a sort of publishing house, producing good literary books, or function as University for propagation of Hindi and conferment of titles. My fears are well-founded.

Dr. M. S. Aney: The hon. Member is wrong there. The word "university" is not used anywhere in the Bill.

Shri Thanu Pillai: That is what I want. I would have been glad if the word "university" had been used and all the consequencies of it had been given to it. But what is happening here is that it is not stated in so many words but by implication all the authority of the university is given to this institution.

Shri Raghunath Singh: The Bill has never used the word "University" "school" or "college" anywhere. It is simply an institution.

13.28 hrs.

[SHRI MULCHAND DUBE *in the Chair*]

Shri Thanu Pillai: Yes, an institution with all the authority of a University. Yesterday, one hon. Member, Shri B. D. Mishra, spoke in Hindi. I could not follow him but the summary of his speech says:

> "Hindi should be made the medium of instruction so that a national spirit could be inculcated in our youth. Hindi degrees should be recognised and those holding them should be given prefernce in Government jobs, especially in the development blocks. More stress should be laid on Hindi qualifications than on the knowledge of other languages, in so far as Hindi teachers were concerned."

If anybody had developed a fear or a doubt that this is the thin end of the wedge for some other purpose, here is the evidence of one hon. Member of Parliament that this is the intention. The fear that has been caused in the minds of non-Hindi people, their resistance to Hindi, is out of their inability or fear that they could not assmilate Hindi as easily and as proficiently as the Hindi-speaking people. We, on our part, have been trying to explain to the people in our area that such fears are unfounded and should not be there. All the 14 languages are national languages and Hindi, if not today on some other day, should become the common language; it is an accepted fact. The Committee of Parliament which considered the Language Commission's Report has made the recommendation and the Prime Minister has declared on the floor of the House an assurance to the non-Hindi people to allay their fears that English will continue to be a subsidiary language, as per recommendations for all purposes so long as the non Hindi people desire.

Shri Raghunath Singh: Does the jrefer a foreign language to an Indian language?

Shri Thanu Pillai: Hindi is as much foreign to me as English is.

Shri Raghunath Singh: English is not a language of India.

Shri Thanu Pillai: Hon. Member, Shri Raghunath Singh, should not lose his temper like that and irritate me. I have been a good friend and exponent of the cause of Hindi and in ten years I have seen a change in the understanding of hon. Members of this House from the Hindi region. They

were coming round to appreciate our difficulties and to concede many things. The good work done by Pantji through that Committee will be nullified by the passing of a Bill of this nature.

This Bill has come at the fag end of this Parliament's life and is being rushed through. It should be considered by the new Parliament. I would beg of the hon. Minister to postpone consideration of the Bill and leave it to be considered by the new Parliament completely and comprehensively. Why should it be rushed through on the last day of the Session?

The hon. Minister has been telling us that regional languages should replace English immediately as the medium of instruction in the universities. I have got a strong difference of opinion and many educationists agree with me that so long as . . .

Dr. M. S. Aney: We do not agree.

Shri Thanu Pillai: You may not but many agree with me, educationists also, that English should continue to be the medium till it could be replaced by Hindi in the universities. It is possible at a later date that in the universities the medium can be Hindi. But if we switch over to the regional language from English, Hindi will never replace the regional language.

An Hon. Member: That is the in question of replacing the regional languages.

An Hon. Member: That is the intention.

Shri Thanu Pillai: My intention is that Hindi should replace English in this country if we want India to be one—an undivided and strong united India.

Shri Raghunath Singh: It was never the intention that Hindi should replace the regional languages.

Shri Thanu Pillai: It is my view. I am not saying that it is the view of Shri Raghunath Singh. I am giving certain reasons for it. Today the administration has not been able to switch over from English to Hindi or to the regional languages because the officers say that they were trained through the English medium and they cannot function in the regional languages. If with their knowledge acquired through a foreign medium they cannot transact business in their mother tongue, how on earth will a man who has acquired his education through his mother tongue be able to function in any other language?

Pandit J. P. Jyotishi (Sagar): This Bill does not debar you from getting instruction through the English medium.

Shri Thanu Pillai: No. Therefore, may appeal and my submission as a good friend and as one who is interested in the perpetual unity of India is that the Hindi language should be spread in a way that does not irritate others and does not create doubts and suspicions in the minds of the people. That is my submission. We are to spread Hindi in the country. The people of non-Hindi area, and not the people from U.P. or anywhere in the North, only people of that region by that understanding, goodwill and good wishes and by their anxiety to be a part and parcel of India and an effective part of India, can develop Hindi. That Hindi should not be, as hon. Member, Shri Tyagi, was saying yesterday, difficult.

I will cite one example of translation. For necktie the word is *kanthlangot*. We all know what is meant by *langot*. Can they not find any other word? This sort of trying to coin words and push them on somebody . . .

Dr. K. L. Shrimali. I must say, I think we are unnecessarily introducing heat in this debate. The intention of the Government is very clear. We are only declaring this institution

[Dr. K. L. Shrimali]

as an institution of national importance and are not giving any powers All these powers, as I have explained to the hon. Member, are there.

Moreover, I should like to make it clear that these words, for example, *kanthlangot*, have not been used anywhere in any dictionary. I do not know from where the hon. Member has got it. Somebody in the streets makes this . . .

Shri Thanu Pillai: I am not coining words.

Dr. K. L. Shrimali: After all, there must be some reference from where this has been brought in. Will he find it in any Government document or anywhere in the dictionaries which have been anuthorised by the Government? Somebody says it and they go on irdiculing Hindi. It is hardly fair to Hindi. Somebody starts the joke and people start taking it seriously.

Shri Thanu Pillai: I will give you another example. Our late revered scholar, R. P. Sethu Pillai, was a member of the committee for. coining words, that is, this Translation Committee. There was some discussion about the word fishing yard and he said *'meen kshetra'*. Now *kshetra* means a temple for us. If you say *meen kshetra*, are we going to workship fish yards? There are Sanskrit based words which have acquired certain meaning in the non-Hindi areas A khsetra is different from a fish yard.

There are so many things which have to be done. I am not going into the details of coining of words. What I say is that the Objective is to propagate a language acceptable to the rest of the people and not to create this fear that this Sammelan will become a university and that their degreen-holder pandits will be equal to my M.A. or M. Sc. man. I am justified in my fear because the speeches of hon. Members of Parliament, the views expressed by them would have some effect. If Government would ever listen to hon. Members, naturally their views will also have validity.

So, with all my affection for the cause of Hindi and for the unity of the country, I submit to the hon. Minister to suspend further consideration of this Bill and to place it before the next Parliament, have it considered by a Select Committee and then consider it fully. We are getting out. Today is the last day of our life. Our vote is valid, no doubt and we can pass it, but we will be passing it not for the good of the cause for which you intend it. The consequences will be otherwise. It is not only a lame duck but it is a lingering duck. It is going to finish itself this evening. Therefore it is highly improper that such an important measure which will go a long way should be passed today. Already the consequences are being felt in our State of this interpretation or misinterpretation. Do not add to the weapons of the anti-Hindi people by trying to give a weapon in the hands of an organisation like this.

There was some difficulty in the society. Therefore to avoid their dissensions they want to give more powers to it. People who could not settle their differences among themselves want it to be made an institution which will look after the purpose of all India propagation of Hindi. How illogical is it? If the organisers of a Hindi Sammelan which is producing books could not settle their differences and produce good books and instead of devoting their time to quarrels, how the hon. Minister thought that this institution should be empowered with such a big task of propagating Hindi in all those areas where there is already a lot of opposition? If they insist on passing it, I would equest the hon. Minister to consider leaving out the powers contained in sub-clauses (e) to (k) of clause 6. If you remove them, it will allay the fears of some of us. If the hon. Minister and the Government are interested in the

goodwill of hon. Members on whom, I think, they rely for the implementation of their objectives, I make this request as a good friend. This being the last session and the last opportunity for me to speak, let me say that our intention is not to oppose Hindi but to assist Hindi. I would make a suggestion to the hon. Minister to have Hindi University for the whole of India created and that university should be entrusted with the affiliation of colleges. There will come a time when, if by chance all these States resort to the regional language as the medium of instruction in the universities there will be need for Hindi medium in colleges everywhere. We cannot have officers with interpreters and judges of the Supreme Court with interpreters because, as I submitted earlier, the demium of instruction is important for one to be able to function. Therefore, I would suggest, let a Hindi University be established and let those institutions, private or managed institutions, whichever would agree to have Hindi as the medium of instruction in the University course, be affiliated to that University. Let the people of India, let the people of the States where they have no opportunities to teach through any other medium except the regional language, be given an opportunity. If we do not resort to the changeover from English to the regional language, the respective Governments may refuse to give grants. I am the president of the Managing committee of an old college. If we do not get a grant from the Government, naturally, we cannot function. They would use the grant as a lever to drive us to adopt a policy whether we like it or not. It should be ultimatly left to the wishes of the students and the parents what should be the medium of instruction in the colleges. I envisage a time when the medium of instruction will be the regional language in all the Universities. Some day will come when some of our people may like to educate their children through the medium of Hindi in the Universities. I request the hon. Minister to consider very earnestly that this is an appeal from a good friend and consider whether he could stop consideration of this Bill, and introduce a Hindi University Bill, himself as the Minister. I know this hon. Minister is taking so much trouble and pains for the propagation of Hindi. Let him do it perfactly, completely and not leave it to doubtful institutions, creating unwarranted fear.

पंडित ज्वा० प्र० ज्योतिषी : सभापति महोदय, इस विधेयक का स्वागत करते हुए मैं उन महानुभावों को अपनी नम्र श्रद्धांजलि अर्पित करूंगा जिन्होंने हिन्दी साहित्य सम्मेलन की स्थापना की और इस देश के सामने इस देश के निर्माण के लिये, एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान किया है । पिछले पचास या बावन वर्षों में हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने जो हिन्दी की सेवा की है वह इस देश की संस्थाओं के इतिहास में निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है । मुझे दुःख हुआ कि इस सदन में कुछ मित्रों ने, जो कि हिन्दी भाषी नहीं हैं, जो चर्चा की उसे सुन कर । मैं यह महसूस करता हूं कि काश, उन्हें इस बात से पूरी तरह अवगत किया गया होता कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने क्या कार्य किया है, उस का लक्ष्य क्या है, और आज वह किस स्थिति में है । यदि ऐसा किया गया होता तो मैं समझता हूं कि बहुत सी बातें जो यहां पर कही गई वे न कहीं जातीं ।

इस बिल के द्वारा दूसरे भाषाभाषी मित्रों से हम उन की भाषा के विकास का अधिकार छीन रहे हैं, ऐसी कोई बात नहीं है । इस बिल के द्वारा हम उन की छाती पर हिन्दी का साम्राज्य लाद रहे हैं, ऐसी भी कोई बात नहीं । हम यह जानते है कि हमें सब से ज्यादा इस देश की एकता वांछनीय है और अगर कोई भी चीज हमारी एकता के मार्ग में बाधक होती है तो हम उस चीज को लोगों की मर्जी के खिलाफ कभी

[पंडित ज्वा० प्रा० ज्योतिषी]

चलाना पसन्द नहीं करेंगे । लेकिन इस देश के लोगों ने, विचारवान लोगों ने स्वयं यह महसूस किया कि इस देश की एकता को अक्षुण रखने के लिये इस देश में शुद्ध राष्ट्रीयता को विकसित करने के लिये यह जरूरी है कि हम एक भाषा को विकसित करें । और उस भाषा का स्थान सब लोगों ने निश्चित किया कि हिन्दी को दिया जाय ।

आज हिन्दी साहित्य सम्मेलन कुछ उलझनों में पड़ गया है । उसकी मैनेजिंग कमेटी के आदमी आपस में झगड़े । एक महान आदेश जो उन के सामने था उस के लिये राजभाषा हिन्दी को राष्ट्र भाषा के आसन पर प्रतिष्ठित करने के लिये, जो सहायक कार्यकारिणी थी उस में झगड़ा हुआ । उस झगड़े को समाप्त करने की आवश्यकता को अनुभव कर के डा० श्रीमाली ने इस प्रस्ताव को इस सदन के समक्ष उपस्थित किया है । एक संस्था जिस में बड़ी सजीवता थी और जो बड़ी शक्तिशाली संस्था थी वह किन्हीं रट्स में पड़ गई है । वह संस्था उन रट्स में से उठे और साहित्यिक निर्माण का कार्य फिर से आरम्भ किया जा सके इस पवित्र उद्देश्य से यह बिल इस सदन के सामने प्रस्तुत किया गया है ।

कुछ मित्रों ने इस बिल की चर्चा के दर्म्यान भाषा की क्लिष्टता की बात कही है । कहां है हिन्दी क्लिष्ट ? आज जिस हिन्दी का प्रचलन लाखों साहित्यिकारों द्वारा हो रहा है, मैं तो नहीं समझता कि उसमें कहीं ऐसी कोई कठिनाई है । आज का साहित्यकार, जिसे अपनी बात समाज के हृदय तक पहुंचानी है, इस बात से भली भांति अवगत है। वह जानता है कि अगर उसे अपनी बात को लोगों के मस्तिष्क पर उतारना है, लोगों के हृदयों तक पहुंचाना है तो यह जरूरी है कि वह लोक भाषा का प्रयोग करे, शब्दों और मुहावरों को जनसाधारण से ले । अगर नेताओं को साधारण आदमियों तक अपनी बात को पहुंचाना है और समझाना है तो जरूरी है कि वे उनकी भाषा का उपयोग करें । यहां अलग अलग किस्म के लोग रहते हैं, अलग अलग किस्म के लेख होते हैं, अलग अलग किस्म के विषय होते हैं । विषयों के अनुकूल भाषा भी कठिन और सरल हो जाती है । जो लोग भाषा को नहीं जानते हैं उनकी स्थिति बड़ी कठिन है । लेकिन अगर कोई तैरना नहीं जानता है वह यह कह कर कि तैरना कठिन है पानी से दूर रहे तो वह कभी भी तैरना नहीं सीख सकेगा, जैसा कल मेरे एक मित्र ने कहा था । तैरना सीखने के लिये पानी में पैठना जरूरी है जिस तरह से उसी तरह से भाषा को कठिन कठिन कह कर उस से दूर रहने से या उसकी आलोचना करते रहने से काम बनने वाला नहीं है । आज के हिन्दी साहित्यकार और पुराने हिन्दी साहित्यकार ने जिस तरह की हिन्दी लिखी है वह जनसाधारण की हिन्दी थी । हमारे तुलसी ने लिखा :

सो अनन्य जाके अस मति न टरै हनुमन्त ।
मैं सेवक सचराचर रूपराशि भगवन्त ।।

कहां इसमें कठिनाई है ? मीरा ने लिखा :

या ब्रज में कुछ देखो री टौना :
दधि को नाम बिसरि गयो प्यारी,ले लयो
कोई श्याम सलोना ।

कोई भी शब्द ऐसा नहीं है जिसमें कठिनाई हो, कौन सी चीज है इसमें जिसे देश समझ न सके । सूर ने जिस भाषा का प्रयोग किया, जायसी ने जिस भाषा का प्रयोग किया, आज पन्त ने भी जिस भाषा का प्रयोग किया :

जग पीड़ित है दुःख से, जग पीड़ित है
सुख से ।
मानव जग में बट जाये दुःख सुख से और
सुख दुःख से ।

कहीं भी मुझे ऐसा नहीं लगता है कि कोई कठिनाई शब्दों के समझने में पड़ती हो। परन्तु कुछ लोग अपने विचार कक्ष में बैठ कर भाषा को नया रूप देना चाहते हैं। पारिभाषिक शब्द यहां वहां रखते हैं। उन पारिभाषिक शब्दों को देख कर या किसी शास्त्रीय पुस्तक की भाषा को देख कर लोग हिन्दी पर लांछन लगा रहे हैं कि कठिन भाषा है। लेकिन मैं प्रेमचन्द की भाषा की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करूंगा, मैं सुदर्शन की भाषा की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करूंगा। हिन्दी के सैकड़ों लेखक जो आज कल लिख रहे हैं उनके लेखों की तरफ मैं ध्यान आकर्षित करूंगा। डा० रघुवीर या किसी दूसरे आदमी जो किस खास किस्म से सोचने वाले आदमी हैं, जिनकी साहित्य निर्माण के क्षेत्र में उतनी दिलचस्पी नहीं है, उनकी बात को ले कर हिन्दी को कोसने लगना एक बड़ी गलत सी चीज है। भाषा तो एक रेवा के सदृश है। जिस तरह से नर्मदा कहीं चट्टानी जमीन से निकलती है तो कहीं साधारण उपजाऊ जमीन से निकलती है। उस का काम होता है कि चट्टानी जमीन का अन्त कर के उसको सुन्दर बना दे और जो उपजाऊ जमीन है उस जमीन को भी सुन्दर हरियाली से अलंकृत कर दे। जो विचार साहित्यकार के हृदय में होता है जिस तरह से रेवा चट्टानी जमीन को भी और उपजाऊ जमीन को भी अलंकृत करती है, सौंदर्य से, उसी तरह से कठिन शब्दों को लेकर वह अपने भावों को प्रकट करता है। और जहां उन्हें दूसरे किस्म का भाव व्यक्त करना होता है वहां सरल भाषा का प्रयोग करते हैं।

स्टाइल इज दी मैन—यह जो बात कही गयी है वह भाषा के प्रयोग में मनुष्य पर पूरी तरह लागू होती है। जहां विचार मनुष्य का स्पष्ट होता है उसके मस्तिष्क में, वहां वह सरलतापूर्वक निकलता है और भाषा अपने आप सरल हो जाती है, सरल स्वरूप ले लेती है। जहां विचार में जरा उलझन होती है या कठिनाई होती है किसी भाव की अभिव्यक्ति में वहां भाषा अपने आप कठिन हो जाती है।

मेरे मित्र प्रो० हीरेन मुकर्जी ने कल कहा कि हिन्दी बड़ी कठिन हो रही है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि रवीन्द्र की भाषा और बंकिम की भाषा क्या एक है? और रवीन्द्र ने स्वयं भी जब गीतांजलि, जो कि जन साधारण के लिये लिखी, तो जनसाधारण की भाषा में लिखी, लेकिन उर्वशी के सौंदर्य का चित्रण करने में उन्होंने किस भाषा का प्रयोग किया है? एक ही आदमी अगर एक किसान का गीत लिखता है तो उसमें सरलतम भाषा का प्रयोग करता है और वही आदमी जब किसी दार्शनिक गुत्थी में उलझ जाता है तो कठिन भाषा का प्रयोग करता है। जो भाषा के रस के ग्राही हैं उनके लिये लाजिमी ह कि वह चाहे चट्टान के समान हो या भुसभुसी जमीन के समान हो उसमें श्रम करें। यदि हम साहित्य का रस लेना चाहते हैं तो फिर चाहे वह साहित्य कठिन भाषा में हो या सरल भाषा में हो हमें उसका अध्ययन करना होगा। तो मैं इस कारण भाषा की सरलता या कठिनता को कोई बड़ा महत्व नहीं देता। आप देखें कि पृथ्वीराज रासों की भाषा इस प्रकार थी :

धरा पिट्ठ तिट्ठम, कनिंगे गरिट्ठम्।

वही भाषा जायसी के काल में कुछ इस प्रकार की हो गयी :

उकुत विशेषो कब्बो, भाषा जाहो साहो।

आज जहां भाषा पहुंची है वहीं वह बात पहुंचेगी। जरूरत इस बात की है कि हिन्दी के समग्र रूप को पहचाना जाए। निश्चित रूप से उर्दू, अवधी ये उसकी विभिन्न शैलियां हैं। इन शैलियों के झगड़ों को लेकर हमारी भाषा का जो विस्तृत क्षेत्र है हम उसके टुकड़े नहीं करेंगे। विभिन्न भाषाओं के मुहावरे हिन्दी में

[पंडित ज्वा० प्र० ज्योतिषी]

आएं, विभिन्न भाषाओं की कहावतें हिन्दी में आएं, दूसरी भाषाओं के साहित्यकारों की शैलियां हिन्दी में आएं इस तरह का यत्न जरूरी है। यह देश में एकता स्थापित करने में सहायक होगा।

हिन्दी साहित्य सम्मेलन एक महान् संस्था है। मेरा विश्वास है कि इस बिल के द्वारा यह हिन्दी साहित्य सम्मेलन इस स्थिति में पहुंच सकेगा जिस स्थिति में पहुंच कर वह सही साहित्य के सृजन में साहित्यकारों को लगा सके।

मैं यह महसूस करता हूं कि इस देश में जो विचारवान साहित्यिक हैं उनके लिये कुछ ऐसी सुविधा पैदा की जाए कि वे अपने घरू कामों से निश्चिन्त होकर शान्त वातावरण में बैठ कर जिन्दगी का अध्ययन करते हुए और जो पिछला उनका जिन्दगी का अध्ययन है उसको लेकर आज के युग के अनुकूल और भविष्य की दृष्टि से जिस साहित्य की आवश्यकता है उसका सृजन कर सकें। मैं समझता हूं कि हम काश्मीर, अमरकंटक, बंगलौर और बम्बई जैसे स्थानों में ऐसे साहित्य सदनों की स्थापिना कर सकें जिनमें कि विचारवान साहित्यिक बैठ कर.....

एक माननीय सदस्य : बम्बई में तो बड़ा संघर्ष होगा।

पंडित ज्वा० प्र० ज्योतिषी : मैं यह विश्वास नहीं करता कि आराम में सही साहित्य का निर्माण होता है। संघर्ष के बिना सही साहित्य का निर्माण नहीं होता लेकिन संघर्ष इतना ज्यादा नहीं होना चाहिए कि साहित्य सृजन के लिए समय ही न मिले। संघर्ष से डर कर हमें उससे दूर नहीं रहना चाहिए। इसीलिये मैंने बम्बई और बंगलौर का नाम लिया है। मैं चाहता हूं कि साहित्यिक इन स्थानों में संघर्ष के समीप रहें। उसका पान करें और जो उसका निचोड़ हो उनकी जिन्दगी में उसी के आधार पर वह अपने भवन में बैठ कर साहित्य का निर्माण करें ताकि सही साहित्य देश को मिल सके।

हिन्दी साहित्य सम्मेलन के कार्य में व्याघात पड़ जाने के कारण विश्व कोष का काम अधूरा सा रह गया। मैं समझता हूं कि इस बिल के द्वारा हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सशक्त बन जाने पर इस कार्य को पुनः लिया जा सकेगा और पूरा किया जा सकेगा।

मैं यह कह देना आवश्यक समझता हूं कि दूसरी भाषाओं को बोलने वाल मित्र इस मुद्दे को अच्छी तरह समझ लें कि हिन्दी को लादने की गरज से इस बिल को प्रस्तुत नहीं किया गया है। प्रो० हीरेन मुखर्जी ने कहा कि दूसरी साहित्यिक संस्थाओं को इस तरह का सहयोग नहीं दिया जा रहा है। मैं इस बात का कतई विरोधी नहीं हूं कि इस देश में जो इधर उधर दूसरी साहित्यिक संस्थाएं हैं उनको सरकार द्वारा सहयोग दिया जाए या उनको ताकत पहुंचायी जाए। मैं तो विश्वास करता हूं कि प्रान्तीय सरकारें इस तरह को संस्थाओं को बराबर ताकत देती रही हैं। लेकिन यह बात भी मैं अत्यन्त नम्रतापूर्वक अपने अहिन्दी भाषी मित्रों के सामने रखना चाहूंगा कि हिन्दी को हमने आपने सबने मिल कर राष्ट्रभाषा के पद पर पहुंचाने का निश्चय किया है। इसलिये हिन्दी की संस्थाओं के लिए आपको थोड़ा अधिक प्रश्रय देना होगा कारण यह आपके मन की भावना है और यह आपका निश्चय है कि हिन्दी उस स्थिति में पहुंच सके जहां पहुंच करके वह देश का महत्वपूर्ण कार्य करे, जो काम उसे सम्भालना है उसको सम्भालने में सक्षम हो सके। इसलिये यह जरूरी है कि यदि हिन्दी की किसी संस्था को बल दिया जाता है तो उसका हम सब मिल कर समर्थन करें।

कोई हिन्दी भाषी, कम से कम मेरे जैसे विचारों वाला, जल्दी नहीं करना चाहता।

हम अहिन्दी भाषी मित्रों के मस्तिष्कों में यह बात पैदा नहीं करना चाहते कि हिन्दी को इस स्थान पर लाने में जल्दबाजी की जा रही है। लेकिन यह जरूरी है कि जो हमने एक मकसद तै किया है उस दिशा में हमारी प्रगति तो कुछ हो। हिन्दी की तरक्की का जब कोई प्रस्ताव आवे, हिन्दी के काम को ताकत पहुंचाने का जब कोई प्रस्ताव आवे, तब हम उसका विरोध करने लगें तो इससे तो हम अपने मकसद पर नहीं पहुंच सकेंगे।

श्री थानु पिल्लै ने जो बातें कहीं उनसे मुझे लगता है कि उनके मन में यह बात है कि, यह शक है, कि हम हिन्दी को दूसरों की मर्जी के खिलाफ, अपने मित्रों की मर्जी के खिलाफ जल्दी से इधर उधर लाद देना चाहते हैं। ऐसा कतई कोई मंशा इस बिल के पीछे नहीं है। इस बिल के पीछे तो एक और केवल एक यही मंशा है कि हिन्दी की एक संस्था जिसे कई बड़े विचारवान लोगों ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए कायम किया था, वह संस्था फिर से सशक्त हो जाए और राष्ट्र निर्माण का जो उसका महत्वपूर्ण कार्य है उस कार्य को शक्ति के साथ आगे बढ़ा सके। यह प्रस्ताव फिर से हमारी उस संस्था को उस स्थान पर स्थापित करेगा ऐसा मेरा विश्वास है और इसलिए मैं इसका समर्थन करता हूं।

श्री प्रकाश वीर शास्त्री : सभापति जी, भारतीय स्वाधीनता संग्राम के समय दो नारे हमारे देशवासियों को सुनने को मिले। एक लखनऊ से और दूसरा इन्दौर से। लखनऊ में भगवान् तिलक ने यह नारा लगाया कि स्वराज्य हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है और इन्दौर से हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष पद से महात्मा गांधी जी ने कुछ समय पश्चात् ही यह नारा लगाया कि हिन्दी का प्रश्न स्वराज्य के प्रश्न से कहीं अधिक बड़ा है। आगे चल कर ये दोनों नारे साथ साथ मिल कर चले और भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दोनों ही अंग बन गए।

यह देश का सौभाग्य था कि जो साहित्यक क्षेत्र के नेता थे वही नेता राजनीति की बाग-डोर लगाम भी अपने हाथ में लेकर चला रहे थे। इसका सुपरिणाम यह हुआ कि जब देश स्वतन्त्र हुआ और स्वतन्त्र होने के पश्चात् देश की राजभाषा बनाने का निर्णय होने लगा तो उसी पृष्ठभूमि में हमने यह निश्चय किया कि स्वाधीन भारत में १५ वर्ष के पश्चात् हिन्दी राजभाषा घोषित की जाएगी।

हिन्दी साहित्य सम्मेलन को राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित करते समय मुझे लगता है कि सरकार के सामने दो दृष्टि-बिन्दु हैं। एक तो इस लिये उन्होंने यह मार्ग चुना है कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन की प्रबन्ध कारिणी समिति में इतनी अव्यवस्था फैल गयी है कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन अपने मार्ग से और अपने उद्देश्य से भटक गया था। पर्याप्त प्रतीक्षा की गयी कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन के कार्यकर्त्ता कुछ सावधानी और समझदारी से काम लें, लेकिन जब वे ऐसा नहीं कर पाए तो विवश होकर सरकार को इस प्रकार की व्यवस्था करनी पड़ी।

दूसरी चीज यह सम्भव है कि वह सरकार जिसने संविधान में हिन्दी को राजभाषा के पद पर आसीन करने का व्रत लिया है, हिन्दी साहित्य सम्मेलन क्योंकि उसकी सबसे प्रमुख संस्था है, उसकी दूषित व्यवस्था को देख कर सरकार ने यह निश्चय किया हो कि इस कार्य को हम अपने हाथ में लें और हिन्दी की प्रगति को आगे बढ़ाएं।

जहां तक पहले प्रश्न का सम्बन्ध है कि जो व्यवस्था दूषित थी अब सरकार के हाथों में आने से उस व्यवस्था में कुछ संशोधन होगा इसमें कुछ अधिक सन्देह तो प्रतीत नहीं होता लेकिन फिर भी इतना अवश्य है कि सरकारी मशीनरी को बिल्कुल दूध का धुला हुआ नहीं माना जा सकता है। जो व्यवस्था दूसरे हाथों में थी सरकार के हाथों में आने से वह सर्वथा समाप्त हो जायगी

[श्री प्रकाश वीर शास्त्री]

ऐसी बात तो नहीं है परन्तु फिर भी मेरा अपना विश्वास इस प्रकार का है कि सरकार इस संस्था को उसी पवित्र उद्देश्य से चलाने के लिये प्रयत्नशील होगी जिन उद्देश्यों को लेकर इस संस्था की नींव डाली गई थी और इस संस्था के संस्थापकों ने इसकी स्थापना की थी।

14 hrs.

दूसरे जहां तक हिन्दी की प्रगति का सम्बन्ध है उसके सम्बन्ध में तो मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि सरकार की नीति के लिए इससे बड़ा प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं कि पिछले १२ वर्षों के समय में यह सरकार जिस मंथर गति से चल रही है मेरा अपना अनुमान है कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन को अपने हाथों में लेने के पश्चात् यह सरकार कहीं उसी प्रकार की दुर्बलता और प्रमादी नीति का हिन्दी साहित्य सम्मेलन के जीवन में भी प्रवेश न करा दे। परमात्मा न करे कि ऐसी स्थिति आये। लेकिन इस विधेयक में जो दो चार धाराएं हैं उनकी ओर मैं विशेष रूप से सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। इस बात के लिये तो मैं स्वागत करता हूं कि जिस तरीके से मनुष्य एक कंधे पर बोझ को रक्खे रक्खे थक जाता है और दूसरे कंधे पर जब उसको रख लेता है तो वह कुछ राहत महसूस करता है लेकिन बोझ तो बराबर ज्यों का त्यों बरकरार रहता ही ह। मेरा अपना यह विश्वास है कि इस विधेयक की जिस धारा में यह कहा गया है कि अन्य भाषाओं का साहित्य भी देवनागरी लिपि में प्रकाशित किया जायगा वह बहुत हितकर होगा। हमारे देश का यह एक बहुत बड़ा अभाव था जिसको कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा इस प्रकार पूरा किये जाने का प्रयासा किया जायगा। कुछ दिन पूर्व मैंने इस प्रकार का एक प्रस्ताव भी इस सदन में उपस्थित किया था और मुझे इस बात को कहते हुए प्रसन्नता है कि मुख्य मंत्रियों का सम्मेलन जो कि इसी भारत की राजधानी दिल्ली में हुआ था उस सम्मेलन नें भी एक मत से इस बात को स्वीकार किया कि सभी भारतीय भाषाओं को एक दूसरे के निकट लाने के लिये देवनागरी लिपि को अगर सामान्य माध्यम बना लिया जाय तो अत्यन्त उपयुक्त होगा।

इसके साथ ही साथ अभी कुछ दिन पूर्व जब राष्ट्रीय एकता सम्मेलन हुआ था तो उसमें भी जब यह प्रश्न उपस्थित हुआ कि उत्तर भारत के व्यक्तियों को दक्षण भारत की एक या दो भाषाएं अवश्य सीखनी चाहिए। सौभाग्य से मैं वहां उपस्थित था और उस समय भी मैंने इस प्रश्न को उठाया था कि क्या यह आवश्यक नहीं होगा कि जब किसी दूसरी भाषा को सीखा जाय तो लिपि की दीवार बीच में कायम रक्खी जाय। अगर यह लिपि की दीवार बीच में न रहे तो कम से कम यह लिपि की तो कठिनाई हट जाय और दूसरी भाषाओं के वासते भी देवनागरी लिपि हो जाय। उस समय जो अन्य भाषा भाषी थे विशेष कर डा० सुनीति कुमार चटर्जी जो वहां उपस्थित थे उन्होंने इस सुझाव को बड़ी प्रसन्नता के साथ स्वीकार किया और मुझे इस बात को कहते हुए प्रसन्नता है कि इस विधेयक में इस बात को सम्मान दिया गया है लेकिन जो एक भय इसके साथ मुझे प्रतीत हो रहा है वह यह कि इस में अंकों के सम्बन्ध किसी प्रकार का कोई विशेष संकेत नहीं दिया गया है। इस भय शब्द का प्रयोग जानबूझ कर मैंने यहां किया क्योंकि अभी कुछ दिन पूर्व समाचार पत्रों में मैंने यह पढ़ा था कि देवनागरी प्रचारिणी सभा की ओर से एक हिन्दी कोष प्रकाशित हुआ है। उस कोष की सहायता के लिए भारत के शिक्षा मन्त्रालय से कुछ अनुदान दिया जाना था। अब नागरी प्रचारिणी सभा की अब तक जैसी परम्परा रही है उस आधर पर इस कोष में जो अंक

थे वह भारतीय अंक थे जैसा कि आरम्भ से चलते आये हैं लेकिन सरकार का जहां पैसा लगे वहां पर उन्होंने यह कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय अंकों का प्रयोग होना चाहिए । यह विवाद यहां तक बढ़ा कि बाद में आकर यह समझौता हुआ कि अच्छा भारतीय और अन्तर्राष्ट्रीय दोनों अंकों को साथ - साथ रक्खा जाये । मैं चाहता हूं कि यह गलत समझौते वाली प्रवृत्ति हिन्दी साहित्य सम्मेलन में प्रवेश न कर जाय । हिन्दी साहित्य सम्मेलन जो अभी तक अपने पवित्र क्रम में चलता चला आ रहा है उस क्रम को यथावत चलने दे ।

दूसरी बात मैं प्रबन्धकारिणी समिति के सदस्यों के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं । जहां आपने यह निश्चय किया है कि शिक्षा मन्त्रालय का उसमें एक अधिकारी रहेगा और एक वित मन्त्रालय का अधिकार रहेगा तो इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं हो सकती है लेकिन फिर भी मैं यह चाहता हूं कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन की जो नई प्रबन्धकारिणी समिति बने उसमें कम से कम इस प्रकार के पवित्र मस्तिष्कों का समावेश अवश्य हो जिनके कि मन में हिन्दी के प्रति निष्ठा और श्रद्धा की भावनाएं हों । ऐसे व्यक्ति अगर प्रबन्धकारिणी समिति में रख दिये गये जिनके कि मनों में हिन्दी के प्रति सम्मान और श्रद्धा की भावना नहीं है तो मेरा अपना अनुमान है कि वह उस प्रबन्धकारिणी समिति में आकर फिर इस प्रकार के विवाद खड़े कर देंगे जिन विवादों से बचने के लिये आज आपने यह विधेयक इस सदन के सम्मुख प्रस्तुत किय है । इसके लिये यह अत्यन्त आवश्यक है कि वह संस्थाएं जो कि हिन्दी के विकास में प्रगतिशील कार्य करती रही हैं जैसे नागरी प्रचारिणी सभा व दूसरी संस्थाएं हैं या बहुत से विश्वविद्यालयों के हिन्दी विभागों के अध्यक्ष हैं, उनमें से कुछ चुने हुए व्यक्ति लिये जायं ताकि वह प्रबन्धकारिणी समिति एक आदर्श प्रबन्धकारिणी समिति के रूप में सामने आये ।

अपने इस संक्षिप्त वक्तव्य को उपसंहार की ओर ले जाते हुए अन्त में दो एक बातें और निवेदन करना चाहूंगा । इस विधेयक के प्रसंग में कुछ ऐसी अनावश्यक चर्चाएं भी सदनमें आ गई हैं जिनका कि इस विधेयक से दूर का भी सम्बन्ध नहीं है जैसे हिन्दी और हिन्दुस्तानी का विवाद लोग ले आये जैसे हिन्दी और दक्षिण भारत की भाषाओं का विवाद इस बीच में ले आये । मालूम ऐसा पड़ता है कि कुछ मस्तिष्क ऐसे हैं जिनमें कि एक अजीब गुबार भरा रहता है और वह उसको निकालने के लिए रास्ता ढूंढते रहते हैं कि कब कोई प्रश्न इस प्रकार का आकर सामने खड़ा हो और वे अपना दिल का गुबार नकाल लें । इसलिये उनकी ओर से कहा गया कि हिन्दी को हिन्दुस्तानी का रूप दिया जाय और इस तरह की व्यवस्था की जाय । मेरा अपना कहना है कि संविधान में जो चौदह भाषाएं मानी गई हैं उनमें उर्दू को भी स्थान दिया गया है । अब उर्दू उर्दू के रूप में विकास करे । संस्कृत संस्कृत के रूप में विकास करे । हिन्दी न बिल्कुल संस्कृतनिष्ठ हिन्दी हो जाय और न हिन्दी उर्दूआइज्ड हिन्दी हो जाय । हिन्दी हिन्दी के रूप में शुद्ध हिन्दी के रूप में विकसित हो । हिन्दी के ऊपर न उर्दू लादी जाय और न हिन्दी के ऊपर इस तरीके से संस्कृत लादी जाय । हिन्दी को शुद्ध हिन्दी के रूप में विकसित होने दिया जाय । अन्य प्रान्तीय भाषाओं को भी अपने रूप में विकसित होने दिया जाय ।

सभापति महोदय, यह हमारा सौभाग्य था कि जिस समय हमने हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार किया था उस समय हमारे मस्तिष्कों में राष्ट्रीय एकीकरण की भावना बड़े उग्र रूप में विद्यमान थी । मेरा अपना अनुमान है कि सन् ६२ में अगर इस प्रश्न के ऊपर विचार कर लिया जाता तो

[श्री प्रकाश वीर शास्त्री]

तो यह संभव न था क्योंकि आज तो हमारे देश में गुजराती, मराठी, बंगाली और तामिल नाडी यह भावनएं बहुत उग्र होती जा रही हैं। हमें सदा स्मरण रखना है कि हम सब पहले भारतीय हैं और भारत देश की अपनी एक परम्परा स्थापित करनी चाहिये। हमारी एक भाषा होनी चाहिये। अभाग्यवश हमारा राष्ट्र इस पवित्र भावना से आज बहुत दूर होता जा रहा है। इसी पृथकतावादी मनोवृत्ति के कारण शायद हमने राष्ट्रीय एकता सम्मेलन बुलाया था ताकि देश की एकता को खतरा पदा न हो और यह अलगाव की प्रवृत्ति खत्म हो। इसमें देश के गण्यमान्य मस्तिष्कों को एकत्रित किया गया था। मैं चाहता हूं कि इस दुर्भाग्य सूचक रेखाओं को इस देश के इतिहास से धीरे धीरे समाप्त किया जाय।

एक बात मैं विशेष रूप से शिक्षा मन्त्री महोदय से कहना चाहता हूं कि किसी देश की राजभाषा कैसे बनती है। जिस समय कमाल पाशा ने तुर्की को अपने राज्य की भाषा बनाना चाहा तो उसने तमाम भाषाविदों को आमन्त्रित किया और उनसे पूछा कि आप मुझे बतलाइये कि तुर्की को राजभाषा बनाने में कितना समय लगेगा। उन्होंने जवाब दिया कि तुर्की को राज भाषा बनाने के लिए कम से कम ९ वर्ष लगेंगे। इस पर कमाल पाशा ने, सुना है कि, उस समय यह आदेश दिया कि समझ लीजिये कि कल प्रातः काल ९ बजे वह ९ साल आपके पूरे हो गये। पंडित नेहरू जैसे अपने बहुत से भाषणों में कहते हैं कि हमने आजादी प्राप्त की है उसे संभालने में हम कहीं गिरेंगे, कहीं हम उठेंगे, कहीं हम सीधे चलेंगे और कहीं हम बैठेंगे तो यह जो उठने, बैठने और गिरने की बात हम आज कहते हैं तो भाषा के सम्बन्ध में आपकी वह नीति कहां समाप्त हो जाती है कि कहीं हम गिरेंगे और कहीं हम उठेंगे ? अगर दृढ़तापूर्वक आप निश्चय कर लें तो जो १५ साल की अवधि निश्चित की थी उस १५ साल की अवधि के भीतर हम अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं लेकिन सीधी सादी बात यह है कि आपके दिमागों में वह पवित्रता आज विद्यमान नहीं है जिस समय अंग्रेज हिन्दुस्तान को स्वाधीनता देने के लिये हिन्दू मुस्लिम एकता का नारा लगाया करते थे और कहते थे कि पहले हिन्दू मुसलमान दोनों एक हो जायं उसके बाद हम हिंदुस्तान छोड़ कर विलायत चले जायेंगे। वह ऐसा इसलिये कहते थे कि वह दिन तो उनके रहते आना नहीं और न वह आसानी से यहां से जायेंगे। आज मुझे वही अंग्रेजों वाली चाल का स्मरण हो आता है जब हमसे यह कहा जाता है कि पहले दक्षिण भारत वालों को हिन्दी के लिये तैयार कर लीजिये। लेकिन मैं उन मित्रों को जो कि यह कहते हैं बतलाना चाहता हूं कि आप दक्षिण भारत में जाकर देखिए कि हिन्दी वहां पर कितनी फैल चुकी है। आप इन दो, चार लीडरों के जो कि राजनैतिक नारा लगाते हैं उनकी बातों में मत आइये। आज हकीकत यह है कि दक्षिण भारत में हिन्दी का काफी प्रचार हो चुका है और हो रहा है और जैसे कि हमारे एक दक्षिण भारतीय मित्र ने कहा वहां का कुली भी जो स्टेशन पर काम करता है वह भी आसानी से हिन्दी को समझ लेता है। इसलिये इन राजनीतिक नारों के चक्कर में आकर देश की प्रमुख समस्या को पीछे फेंकने का यत्न न कीजिए।

मैं अन्त में अपने वक्तव्य को समाप्त करते हुए एक महान् साहित्यकार की चन्द पंक्तियां आपको सुनाना चाहता हूं जो कि दुर्भाग्य से आज हमारे मध्य में नहीं हैं और हमारे देश को जिनके निधन का बहुत ही शोक है। उनका नाम था महा कवि निराला। निराला जी ने मरने से कुछ समय पहले जब वह इतने अधिक दुर्बल हो गये कि वह अपने घर से बाहर भी नहीं जा सकते थे तो कुछ

लोगों ने उनके घर पर जाकर उनका सम्मान किया । यह उनके जीवन का अन्तिम सम्मान था ।

उस अन्तिम सन्मान के वक्त उन्होंने जो शब्द कहे, उन की ओर मैं शिक्षा मंत्री जी का ध्यान विशेषकर दिलाना चाहता हूं, क्योंकि उन के कंधों पर वह दायित्व है और इस सदन की उन से यह आशा है कि वह महान् साहित्यकारों और दिवंगत् आत्माओं की भावनाओं और आकांक्षाओं को पूर्ण करेंगे ।

भाषा के सम्बन्ध में उन के शब्द ये हैं—

> "आज भाषा और साहित्य तो राजनीति के अस्त्राशस्त्र बन गये हैं । हिन्दी की जो दुर्दशा हो रही है, उसे मैं अब और नहीं देख सकता । अंग्रेजी ही आज सर्वप्रिय भाषा बनी हुई है । जनता समझे या न समझे, पर वही जनकल्याणी समझी जाती है । . . . संस्कृत तो आज अपने ही घर में मृतक भाषा कही, सुनी और मानी जाती है । विदेश वाले इस का मूल्यांकन कर रहे हैं, यह दूसरी बात है, पर अपने लोगों की बुद्धि की बलिहारी है ।"

महाकवि निराला ने अपने जीवन के अन्तिम सन्मान में जो शब्द कहे, वे मेरे इस भाषण से कहीं अधिक मूल्यवान् हैं और मेरी बात को समझाने में अधिक समर्थ हैं ।

श्री जगदीश अवस्थी (बिल्हौर) : सभापति महोदय, इस द्वितीय लोक सभा के अन्तिम दिन हिन्दी साहित्य सम्मेलन विधेयक प्रस्तुत कर के सरकार ने बहुत अच्छा कार्य किया है । इस सदन का अवसान जिस उत्तम विधेयक के साथ हो रहा है, उस के अन्तर्गत जिन उद्देश्यों की चर्चा की गई है, उन में से एक उद्देश्य की पूर्ति हो गई है । लेकिन मुझ से पूर्व माननीय सदस्य, श्री शास्त्री, ने जो जो शंकायें इस बिल के सम्बन्ध में उठाईं, लगभग वही शंकायें मेरे मन में हैं । मैं उन को दोहरा कर इस सदन का समय नष्ट नहीं करना चाहता ।

इस बारे में मैं इतना अवश्य कहना चाहूंगा कि अगर शिक्षा मंत्री महोदय ने इस सदन में हिन्दी साहित्य सम्मेलन के इतिहास और उस के कार्यों और गतिविधियों की एक संक्षिप्त रूप-रेखा प्रस्तुत की होती, तो शायद हमारे अहिन्दी-भाषी मित्रों को इस प्रकार की शंकायें उठाने और अप्रासंगिक बातों को कहने का अवसर न मिलता । अच्छा हो कि अब भी शिक्षा मंत्री इस विधेयक के पारित होने के पश्चात् अहिन्दी-भाषाभाषी क्षेत्रों में हिन्दी के प्रति पैदा हुए अनादर और ग़लत-फ़हमी को दूर न करने के लिए सम्मेलन की कार्यवाहियों और उस के इतिहास की एक रूप-रेखा प्रस्तुत कर दें ।

14.12 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

इस विधेयक के द्वारा सम्मेलन को एक राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित करने का जो उद्देश्य प्रकट किया गया है, सचमुच वह बड़ा सुन्दर उद्देश्य है और उस के लिए हम सरकार को बधाई देते हैं । लेकिन शिक्षा मंत्री महोदय ने सम्मेलन की आन्तरिक गड़बड़ियों से विवश और बाध्य हो कर सरकार की ओर से एक प्रबन्ध समिति बनाये जाने की चर्चा भी की है । उस समिति की रूप-रेखा को देख कर शंका होती है । देखने में तो ऐसा लगता है कि सरकार का उस पर कोई नियंत्रण नहीं रहेगा, वह एक आटानोमस बाडी रहेगी और सरकार की तरफ़ से उस में कोई इन्टरफ़ीयरेंस नहीं होगा । लेकिन आप को मालूम होगा कि काशी विश्वविद्यालय और अलीगढ़ के मुस्लिम विश्वविद्यालय के आटानोमस बाडीज़ होने के बावजूद सरकार की ओर से उन के सम्बन्ध में कितनी मनमानी की गई है, जिस के परिणाम-स्वरूप उन की इंडिपेंडेंस समाप्त हो गई है

[श्री जगदीश अवस्थी]

और उन में फिर गड़बड़ियां पैदा हो गई हैं। अभी भले ही यह बात स्पष्ट न हो कि सरकार का इस में कोई हस्तक्षेप होगा, लेकिन जैसा कि अभी शास्त्री जी ने कहा है, सरकार की अभी तक जो नीति रही है, उस की कथनी और करनी में जो भेद रहा है, उस को देखते हुए यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन की जो प्रबन्ध समिति बनेगी —प्रथम और उस के बाद द्वितीय—उस में सरकार अपने ढंग से अपना आधिपत्य रखेगी। इस बात की शंका भी हो सकती है कि जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह विधेयक लाया गया है, उस की हम अरथी निकालें। मैं समझता हूं कि जो शंका शास्त्री जी और दूसरे माननीय सदस्यों के मन में है, उस को दूर किया जाना चाहिए।

सम्मेलन के तीन मुख्य उद्देश्य हैं—हिन्दी साहित्य के सम्बन्ध में विविध विषयों की अच्छी पुस्तकें तैयार करना, अपनी परीक्षाओं के द्वारा हिन्दी भाषा को प्रचारित करना और अहिन्दी-भाषाभाषी क्षेत्रों में हिन्दी के प्रति रुचि पैदा करना। लेकिन जहां तक इस सरकार की हिन्दी सम्बन्धी नीति का प्रश्न है, वह स्पष्ट है। शास्त्री जी ने ठीक कहा है कि सरकार अभी स्वयं मन्थर गति से चल रही है। जब तक हमारी सरकार और उस के मंत्रियों के मन में यह भावना रहेगी कि इस देश में ज्ञान के भंडार को प्रकट करने के लिए अंग्रेजी अनिवार्य और आवश्यक है, तब तक चाहे वह हिन्दी साहित्य सम्मेलन को एक स्मारक के रूप में रखे और चाहे हिन्दी को राजभाषा का नाम दे दे, हिन्दी भाषा पनप नहीं सकती। अगर सरकार वास्तव में यह चाहती है कि चाहे हिन्दी साहित्य सम्मेलन के द्वारा और चाहे उस की अपनी कार्यकारिणी के द्वारा हिन्दी भाषा इस देश में पनपे, तो उस को अपनी नीति में परिवर्तन करना होगा।

जहां तक देश की अन्य भाषाओं का प्रश्न है, निश्चित रूप से उन के प्रति हिन्दी की दुश्मनी या विरोध नहीं है, बल्कि उस का सब से बड़ा विरोध अंग्रेजी भाषा से है। जिस प्रकार से अंग्रेजों के जमाने में हिन्दू-मुस्लिम आपस में लड़ा करते थे और उस का मुख्य कारण अंग्रेज हुआ करते थे, उसी प्रकार अंग्रेजी के कारण ही भाषा सम्बन्धी मतभेद देश में नजर आते हैं। हमारे राजनीतिक नेता कहते हैं कि ये भाषायी विवाद हैं, लेकिन तथ्य यह है कि इस देश में गुजराती-पंजाबी या तमिल-बंगाली का कोई झगड़ा नहीं है—ये तो राजनीतिक झगड़े हैं। भिन्न भिन्न भाषाओं के ये पारस्परिक झगड़े कृत्रिम हैं। असल में झगड़ा तो अंग्रेजी भाषा से है। जब तक अंग्रेजी भाषा सरकारी काम-काज में और सार्वजनिक जीवन में घुस कर बैठी रहेगी, तब तक इस देश में न केवल हिन्दी बल्कि अन्य प्रान्तीय भाषायें भी कभी भी पनप नहीं सकती हैं। यदि सचमच हिन्दी भाषा और अन्य भाषाओं के बीच में सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध स्थापित करने हैं, तो इस देश के सरकारी काम-काज और सार्वजनिक जीवन में अंग्रेजी भाषा की समाप्ति होनी चाहिए। ऐसा करने पर ही हिन्दी साहित्य सम्मेलन का जो उद्देश्य इस विधेयक में घोषित किया गया है, उस की पूर्ति हो सकेगी।

अन्त में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि अगर सरकार चाहती है कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन की संस्था फले-फूले, तो उन त्रुटियों और कमियों को दूर करने का प्रयत्न किया जाना चाहिए, जिन की वजह से सम्मेलन की गति विधियों में अवरोध हो गया था और जिन के कारण कोई भी संस्था आगे नहीं बढ़ पाती है।

इन शब्दों के साथ मैं पुनः इस विधेयक का स्वागत करता हूं और उम्मीद करता हूं कि जो विचार रखे गये हैं, शिक्षा मंत्रालय उन पर गम्भीरतापूर्वक विचार करेगा।

उपाध्यक्ष महोदय : मेरी मुश्किल यह है कि ढाई बजे तक यह बहस खत्म होनी

चाहिए और मैं देखता हूं कि बहुत से माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं ।

श्री रामजी वर्मा (देवरिया) : उपाध्यक्ष महोदय, पी० एस० पी० की तरफ़ से कोई सदस्य नहीं बोला है । इसलिए मुझे बोलने का मौका दिया जाये ।

उपाध्यक्ष महोदय : यहां पी० एस० पी० और दूसरी पार्टियों का सवाल नहीं है । हर एक इलाके के माननीय सदस्यों को बोलने का मौका दिया गया है । सोशलिस्ट पार्टी के दो माननीय सदस्य बोल चुके हैं ।

श्री मं० रं० कृष्ण : नान-हिन्दी एरिया ?

उपाध्यक्ष महोदय : नान-हिन्दी एरिया से भी कई माननीय सदस्य बोल चुके हैं । हम ने हाउस की कार्रवाई पांच बजे जरूर खत्म करनी है । इसलिए यही एक तरीका है कि अगर माननीय सदस्य तैयार हों, तो नान-आफ़िशल बिज़िनेस से आधा घंटा ले लिया जाये ।

कुछ माननीय सदस्य : ले लिया जाये ।

उपाध्यक्ष महोदय : जिन माननीय सदस्यों के रेज़ोल्यूशन हैं, वे एतराज़ तो नहीं करेंगे ?

कुछ माननीय सदस्य : नहीं, नहीं ।

उपाध्यक्ष महोदय : अब माननीय सदस्य सिर्फ़ पांच पांच मिनट लें । श्री रामजी वर्मा ।

श्री रामजी वर्मा : उपाध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने जिस बिल को पेश किया है, मैं उस का स्वागत करता हूं । आप जानते हैं कि स्वतंत्रता-संग्राम के इतिहास में जो स्थान कांग्रेस आरगनाइज़ेशन को है, भारत-माता को एक जुबान देने के रचनात्मक कार्यक्रम में वही स्थान हिन्दी साहित्य सम्मेलन को है ।

श्री रघुनाथ सिंह : कांग्रेस को आपने माना, बहुत धन्यवाद ।

श्री प्रकाश वीर शास्त्री : ये भी तो पहले कांग्रेसी थे ।

श्री रामजी वर्मा : पहले की कांग्रेस और अब की कांग्रेस में फर्क है । चूंकि आज कांग्रेस बहुत बदल गई है इसलिए उसी का यह परिणाम भी है कि जिस संस्था को आपको बहुत पहले ही अपना लेना चाहिए था, उसको तब न अपना कर अब अपना रहे हैं । यह बिल बहुत विलम्ब से आया है और इसका भी यही कारण है कि आज की कांग्रेस पहले की कांग्रेस से भिन्न है ।

हिन्दी को भारत की राष्ट्रभाषा माना गया है । इसको राष्ट्र भाषा के रूप में मान्यता दे कर एक काम सम्पन्न हो चुका है । किन्तु भारतवर्ष के कोने कोने में लोग हिन्दी की कई मानों में विवेचना करते हैं । मैं समझता हूं कि बहुत आसानी से इसका निराकरण हो सकता है अब जबकि सरकार ने इस काम को अपने हाथ में लिया है । आप जानते ही हैं कि हिन्दी और उर्दू दोनों की क्रियायें एक हैं । लेकिन हिन्दी वाले जो शब्द हैं, उस भण्डार को संस्कृत से लेते हैं और उर्दू वाले पर्शियन और अरबी से लेते हैं । यहीं पर जा कर भेद आ जाता है और इसी कारण से हिन्दी और उर्दू दो अलग अलग भाषायें हो जाती हैं । मेरा निवेदन है कि यह भेदभाव भी हट सकता है । हिन्दी को विलष्ट रूप देने का एक कारण यह है कि कुछ लोग समझते हैं कि हिन्दी का भण्डार सिर्फ संस्कृत से ही भरा जा सकता है । यह एक प्रकार की संकीर्णता या कट्टरता उन लोगों की है जो हिन्दी के ऐसे एक क्षेत्र जैसे बनारस, अलाहाबाद आदि में रहते हैं ।

अपने दस बरस के पार्लिमैंटरी जीवन में मुझे जब कभी दक्षिण में जाने का अवसर मिला है, मदुराई, त्रिचनापल्ली, रामेश्वरम् इत्यादि जाने का अवसर मिला है तो मैंने

[श्री रामजी वर्मा]

पाया है कि स्टेशन पर जो कुली होते हैं उन से डील करने में कहीं पर भी किसी किस्म की कठिनाई नहीं होती है । लेकिन कस्बों में आप जाइये, पढ़े लिखे लोग में सुसस्कृत लोग में आप जाइये, न वे हमारी भाषा समझते हैं और न हम उनकी भाषा समझते हैं, इस वास्ते सिवाय अग्रेजी में बोलने के और बातचीत करने के और कोई चारा शेष नहीं रह जाता है । मैं समझता हू कि भारत के कोने कोने में साधारण लोग, कुली लोग, जो अपढ़ कहलाते हैं वे बहुत जल्दी हिन्दी को ग्रास्प कर लेते हैं । यदि दृढ़ निश्चय कर लिया जाये तो हिन्दी के प्रचार में कोई रुकावट पैदा नहीं हो सकती और न ही कोई कठिनाई उपस्थित हो सकती है । मैं तो यह कहता हूं कि जो हिन्दी के उस रूप के बहुत कट्टर समर्थक हैं जिसको कि संस्कृताइज्ड हिन्दी कहा जाता है, और भाषाओं के सम्मेलन करवा कर, उन सम्मेलनों में उनको आप भिजवायें और वे जा कर उन सम्मेलनों में भाग लें । मैंने कहा है कि रेल यात्रा के जरिये कुली हिन्दी को ग्रास्प कर लेते हैं । मैं उस दिन, जब रेलवे बजट पर बहस हो रही थी कह रहा था कि लोगों में भारतीयता की भावना पैदा करने के लिए रेल यात्रायें बहुत आवश्यक हैं। मैं चाहता हूंकि इन विद्वान को, काशी के विद्वानों को आप दक्षिण में भेजें और तमिल, तेलेगू, मराठी, गुजराती इत्यादि भाषाओं के विद्वान से मिलाइये और यदि ऐसा किया गया तो मेरा विश्वास है कि इन लोगों की जो यह संकीर्णता है, वह दूर होगी और जो यह समझते हैं कि हिन्दी का भण्डार सिर्फ एक सोर्स से ही भरा जा सकता है, उसको एक विस्तृत क्षेत्र मिलेगा और हिन्दी बहुत जल्दी आगे बढ़ सकेगी । तमिल, तेलेगु, गुजराती, मराठी, बंगला इत्यादि भाषाओं को जो एक माला बनेगी, उन भाषाओं की शिरोमणि लोग इसको समझेंगे और स्वेच्छापूर्वक इसको अपना लेंगे और तब एक फारेन लैंगुएज की तरह की लगुएज हिन्दी नहीं रहेगी । आज जो संकीर्णता दक्षिण वालों में है या उत्तर वालों में है, यदि ऐसा किया गया जैसा मैंने सुझाया है, तो वह भी मिट जायेगा । मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि जहां बहुत से दूसरे आब्जैक्ट्स इस सम्मेलन के हैं, वहां उन में एक इस आब्जैक्ट पर भी वह ध्यान दें और इसको भी उसमें स्थान दें ।

मैं एक यह बात भी कहना चाहता हूं कि टाइप की दृष्टि से, छापे की दृष्टि से भी हिन्दी को और सरल तथा सुबोध बनाया जा सकता है और बनाया जाना चाहिए ।

अन्त में इतना ही मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जिस काम को बड़े बड़े ऋषियों मुनियों ने हाथ में लिया है, दयानन्द सरस्वती ने जो काम हिन्दी के लिए किया है, महात्मा गांधी का जिस संस्था को आशीर्वाद प्राप्त हुआ है और जिस संस्था को राजर्षि टंडन जी ने पनपाया है, उसको राष्ट्रीय महत्व की संस्था का रूप देने के लिए जो विधेयक यहां उपस्थित किया गया है, वह बहुत देर से आया है लेकिन फिर भी मैं कहूंगा देर आयद दुरुस्त आयद । मैं इतना ही कह सकता हूं कि इस संस्था को आप अपने हाथ में ले कर के इस के काम को अपनायें और यदि आपने ऐसा किया तो न सिर्फ भारत की एकता बढ़ेगी, बल्कि देश का बहुत भारी हित होगा । भारत की एकता पहले भी राज शासन के जरिये नहीं बढ़ा करती थी, बल्कि जो तीर्थ स्थान हैं ,उनके जरिये बढ़ा करती थी, रेल यात्राओं के जरिये बढ़ा करती थी, सांस्कृतिक कार्य-क्रमों के द्वारा बढ़ा करती थी । मैं समझता हूं कि अब यह कार्य बहुत आसानी से सम्पन्न हो सकता है यदि आप लोगों को इस तरह से मिलने का बार बार अवसर दें । यदि भारत माता को एक जुबान मिलेगी तो राष्ट्रीयता आप से आप बढ़ेगी ।

Shri M. R. Krishna: Mr. Deputy-Speaker, Sir, I welcome this Bill and I strongly extend my support to this Bill. One day Hindi has to take the

[Shri M. R. Krishna]

place of English and not only the States in the North but the States in the South also are very keen and are making efforts to see that Hindi is taught in the schools. In some of the States in order to develop the regional languages they want to make the Indians strangers. For instance when I went to Gujarat, I saw the telephone directory printed perhaps by the Central Government in Gujarati language. No body, not even a person knowing Hindi from U.P. who happens to go to Gujarat cannot but feel a stranger. This kind of a tendency will have to go. It is time that some language, particularly Hindi, takes the place of English.

People who want to propagate Hindi are very honest and sincere to see that this language spreads throughout the country but when the question of money comes, they try to get back and hesitate to do anything. I can give you one instance. The Government of India wanted to start a Hindi University in South: for various reasons they chose Hyderabad. The people of Hyderabad and the Government said that they would be able to provide all facilities to the Government to build a Hindi University. But then the Government of India backed out for the simple reason that they wanted the existing Osmania University to be converted into a Hindi university. When you wanted to have a college or university in the South it is not just to give some importance to the State but to create interest in the people of those areas and to make this language very attractive. If that is the object, there is no reason why the Government should go back on the original proposal. If they do not prepare Hyderabad for that they can prepare some other place in the South. They can of course have a centre in U.P.; nobody would object to it. Just as my friend Shri Muniswamy suggested, there could be four centres to cater for the entire country. We know how various types of religions have come into this country and how people with missionary zeal have spread those religions in the various corners of the country. If the Hindi knowing people who are keen to make it the official language do not like to make certain sacrifices, it will be very difficult for the country to know Hindi and for the Southern States to take up to Hindi. Therefore, it is the duty of the people who want that Hindi should spread over the whole country to make some little sacrifices. My friend suggested that some pandits from the North should go to the South in order to meet and mix with the people there and make them understand the greatness of this language. Today in the South there is no State which is hesitant to spread Hindi. In every school and college Hindi is being taught. Most of the Ministers in the State are taking religiously to Hindi and trying to learn Hindi in every way. It is not so much that the South is afraid of having Hindi. But most of the people who speak about Hindi really create some suspicion and fear in the minds of the people who really want to spread Hindi in those areas. For instance, in the Central Secretariat and other places when they say that Hindi should be a language which should be learnt by everybody to get into the service, naturally a person from the South will have a certain amount of fear. In the Defence Services, if a man learns a new trade he is paid a certain allowance. If that kind of an incentive is given by the Central Government and if it properly assists the State Government to spread Hindi, I think there will be very little difficulty to spread the language in non Hindi speaking areas.

श्री रघुनाथ सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, अहिन्दी भाषा भाषी सदस्यों ने जो शुभेच्छा हिन्दी के प्रति प्रकट की है उस के लिये उन के प्रति बड़ा आभार प्रकट करते हैं। धन्यवाद देते हैं। हमारी ऐसी कामना है कि हिन्दी का प्रश्न केवल हिन्दी भाषा भाषियों का ही प्रश्न न रहे। वह सारे देश का प्रश्न है। सारे देश के लोगों को मिल कर इस भाषा को ऐसा बनाना चाहिये ताकि वह भाषा सारे देश मे फैल सके।

जहां तक हिन्दी साहित्य सम्मेलन का सम्बन्ध है, हिन्दी साहित्य सम्मेलन

[श्री रघुनाथ सिंह]

के सभापतियों को अगर आप देखेंगे तो पायेंगे कि महाराष्ट्री, पंजाबी, बंगाली, सौराष्ट्री और दूसरे भाषा भाषी लोग उस के सभापति रह चुके हैं। हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभापतियों में हिन्दी भाषाभाषियों की संख्या शायद अल्प ही होगी। ज्यादातर अहिन्दी भाषाभाषी लोग हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभापति हुए। डा० अणे साहब ने बड़ी सुन्दर भाषा में कहा है कि राष्ट्रध्वज के साथ राष्ट्रभाषा का होना भी आवश्यक है। राष्ट्र भाषा का प्रश्न एक राष्ट्रीय प्रश्न है। यह केवल हिन्दी भाषाभाषियों का ही प्रश्न नहीं है।

हिन्दी भाषा अन्तर्राष्ट्रीय भाषा है। फीजी मे, मारिशस में, नेपाल में करीब दो तिहाई लोग हिन्दी भाषाभाषी हैं। बरमा मे आप जायें तो पायेंगे कि वहां अब भी १६ या १७ लाख आदमी ऐसे हैं जो हिन्दी भाषा बोलते हैं। हिन्दी भाषा का सम्बन्ध केवल भारतवर्ष से ही नहीं। हिन्दी भाषा का सम्बन्ध अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध है। इस लिये हम को हिन्दी भाषा को ऐसी बनाना चाहिये कि वह केवल हिन्दुस्तान तक ही सीमित न रहे। हिन्दुस्तान के बाहर भी जो हमारे देश के भाई हैं उन की भाषा भी वह रहे।

चूंकि हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सम्बन्ध में यह विधेयक यहां पास हो रहा है इस लिये मैं निवेदन करना चाहूंगा कि कोई भाषा किसी पर लादी नहीं जा सकती। आदमी अपने धर्म का परिवर्तन कर लेता है, लेकिन अपनी भाषा का परिवर्तन नहीं करता। इस लिये अगर अहिन्दी भाषाभाषियों मे ऐसी कोई भावना हो कि हम किसी पर जबर्दस्ती हिन्दी लाद सकेंगे तो वह एक भ्रम है। अविचारपूर्ण भावना है। हिन्दी तभी सफल हो सकती है जब कि उस में परहित की भावना और शान्ति की भावना उस मे रहेगी। एक भाई ने सुझाव दिया है, उत्तरी हिन्दुस्तान के लोग दक्षिण में जायें और हिन्दुस्तान के बाहर जायें। एक ऐसे जीवन को अपना कर जायें जिस में उन को सिर्फ सेवा ही करनी हो। उन को अपने जीवन को लगा देना है एक भाषा के वास्ते। तभी हिन्दी की उन्नति हो सकती है। कानून बनाने से या हिन्दी को जबर्दस्ती लादने की भावना से हिन्दी का उपकार नहीं होगा बल्कि उस से हिन्दी का अपकार ही होगा।

एक बात अन्त में मुझे यह कहनी है कि भारत की पराधीनता से मुक्ति हुई। लेकिन भाषा की दासता से भी मुक्ति प्राप्त होनी चाहिये। अभी हमारे भाइयों मे अंग्रेजी के प्रति बड़ी अच्छी भावना है, उस के प्रति बड़ा आदर है। भाषा अवश्य सीखनी चाहिये लेकिन यह जो मानसिक दासता है उस दासता को हमें दूर करना चाहिये। अगर हम एक स्वतन्त्र राष्ट्र हैं तो स्वतन्त्र राष्ट्र की भाषा को भी स्वतन्त्र होना चाहिये। चाहे हिन्दी का कोई रूप हो, लेकिन जिस तरह से हमारे राष्ट्र का ध्वज है उसी प्रकार हमारे राष्ट्र की भाषा होनी चाहिये। हमे आशा है कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन का यह विधेयक जिसे हम आज पारित करने हैं वहां के लोग मिल कर एक शुद्ध भावना से, सेवा की वृत्ति से काम करेंगे। हम को अपने देश के लिये एक भाषा बनानी है। देश को एक भाषा देनी है। हिन्दी को केवल देश तक ही सीमित नहीं रखना है, देश के बाहर भी भेजना है।

Dr. K. L. Shrimali: Mr. Deputy-Speaker, first of all, I should like to thank all hon. Members from all sections of the House who have supported this Bill. There has been some misunderstanding in the mind of one hon. Member, Shri Thanu

Pillai. I tried to explain to him, but it seems he still maintains that we are doing something which is not proper and which could probably be postponed. He has misunderstood it. He thinks that we are conferring new powers on this institution and thinks that it is a new university. That is not so. The Hindi Sahitya Sammelan has been in existence for nearly half a century. During these last 50 years it has been doing all the work; it has discharged all the functions which are laid down in this Bill. If the hon. Member had known the history of the Sammelan, if he had known that the Hindi Sahitya Sammelan is already conducting examinations and has been conducting them for the last several years, probably he would not have said what he said about the institution.

He also suggested that we might postpone consideration of the Bill and bring it before the next Parliament and asked why we should rush it on the last day of this Parliament. It was our original intention to bring this measure before the new Parliament; the Government had taken a decision sometime back and we thought that when the new Parliament meets we could bring this Bill before it. In the meanwhile, Shri Purushothamdas Tandon, who has been aling for the last several months, made a request that since the Government have already taken a decision, this Bill might be passed through this Parliament. He has been an esteemed member of this House and he has rendered great service to the country. He is one of those people who have made a great contribution to this country. We may have differences with him, but nobody will doubt about the valuable contribution he has made to the development of Hindi and Indian culture. It is for this reason and for the respect which we have—which all hon. Members of the House have—that we thought it would be proper to respect his wishes in this matter, and I am happy that the House has generally welcomed this measure. I am sure that Tandonji who is at present in his sick-bed would be happy about this.

Shri Thanu Pillai also suggested that we might delete sub-clauses (e) to (k) of clause 6. If we delete them, we will make the institution absolutely useless. It cannot exercise the functions which it has been exercising all these years. Shri H. N. Mukerjee rightly suggested that we should also keep in view the various other institutions which are doing work of a similar nature and which are of national importance. During the recent months, the Government of India have taken various measures to bring in all such institutions and have either declared them as institutions of national importance or brought them under the purview of the University Grants Commission by giving them university status. The Jamia Millia, the Gurukul, the Kashi Vidyapeeth and the Gujarat Vidyapeeth are some of the institutions which have been recently visited by committees appointed by the Government of India, and the University Grants Commission is considering to give them University status. I hope very soon all these institutions which had rendered valuable service will be considered as universities for the purpose of the University Grants Commission Act.

With regard to the other institutions certainly wherever such institutions exist, the Government will certainly bring forward similar measures. I may also inform Shri H. N. Mukerjee that we have already written to the Dakshina Bharat Hindi Prachar Sabha to let us know whether they are willing to have a similar Act passed in Parliament, and I am glad to say that they have agreed, and very soon the Government will bring forward a measure declaring that institution also as of national importance.

I am afraid I was not able to appreciate Shri Tyagi's criticism. He cri-

[Dr. K. L. Shrimali]

ticised that the Government of India is spoiling Hindi. There is a sort of vague criticism that we are coining words which are not relevant. The Government of India have recently brought out a glossary or dictionary of all the technical words. The first volume is already out and the second volume will be out within a few days. If Members care to go through that dictionary, they will find that the Government of India have not only accepted, but also implemented the spirit of the Constitution, so far as Hindi is concerned.

Some Members of the House had some suspicion with regard to the style of Hindi. Prof. Mukerjee and some others thinks we may make it a type of Hindi which may not be acceptable to the country or understood by the country. If it happens, it is obvious that the whole purpose is defeated. Therefore, I moved an amendment in the Rajya Sabha and we have made it clear that one of the functions of the Sammelan would be:

> "(a) to promote the spread of Hindi language and to develop it and secure its enrichment in the manner indicated in article 351 of the Constitution."

This clause was not there in the original Bill which we introduced in the Rajya Sabha. But later on, some doubt was expressed. As far as we are concerned, the whole controversy was over as soon as the Constitution was passed. Shri Oza made a controversy with regard to the Hindi Sahitya Sammelan. It was true there were differences between Tandonji and Gandhiji on this issue and Gandhiji parted company with the Hindi Sahitya Sammelan. This is a well-known historical fact. But after the Constitution was passed, this controversy with regard to Hindi and Hindustani is over, so far as Government is concerned. When we brought this measure, we were anxious that there should be no fears or anxiety in the minds of Members regarding the style of Hindi. So, we have made it clear that this Sammelan will promote the spread of Hindi, develop it and secure its enrichment in the manner indicated in article 351 of the Constitution, which means the style of Hindi will reflect the composite culture of the country.

If Hindi is really to take its due place, it should necessarily not only give, but take and assimilate the words and styles of all the Indian languages. It is only then that it can truly become a national language. That is the effort that we have been making and the Sammelan also will strive towards it. To be fair to Tandonji, I might explain to the House that when I put it to him that I was going to accept this amendment, he agreed. That should allay the fears and suspicions from the minds of all people. Government's intentions are very clear. We shall abide by the Constitution and we shall work in accordance with the spirit in which the Constitution was framed. So, with regard to this matter, I do not think Members should have any fears or anxiety.

Shri Guha said we were discriminating. He had some kind of misunderstanding about this measure. There is no discrimination. In fact, he would remember that after the poet's death, Shantiniketan was the first institution which was declared an institution of national importance, immediately after independence. We are proud of it. Where such institutions exist, in the north, south, east or west it will be Government's endeavour to declare them as institutions of national importance.

One or two Members suggested that it would be better to shift the headquarters of this institution from Allahabad to Hyderabad. In this matter, I am afraid I do not agree with the hon. Member. There is some sentiment attached to the institution. The Sammelan has had its birth at Allahabad and it has developed at Allahabad,

where it has done all its activities. Now it is not easily understandable why it should be shifted to Hyderabad.

Shri Datar: All the names remain as they are. I agree with my hon. friend that if names were to change so often and so suddenly they would create a lot of difficulties and embarrassment.

Shri Tyagi: I want to know if the geographical names are to be tabooed for the future.

Shri Datar: There is no question of tabooing anything at all. May I point out to the hon. Member that the names remain as they are, and whenever there are any requests made in this respect, the Government considers the whole matter, and as far as possible Government are generally in favour of maintaining the present names.

श्री विभूति मिश्र : मैं सब से पहले अपने मित्र पंडित तिवारी जी को जवाब देना चाहता हूं ।

उपाध्यक्ष महोदय : आखिरी बात कहिये जो कहनी है ।

श्री विभूति मिश्र : मैं वह भी कहूंगा । लेकिन उससे पहले मैं यह कहना चाहता हूं कि तिवारी जी ने देरी की बात कही है और पैसे का जिक्र किया है । उन्होंने कहा है कि फाइलों के इधर उधर आने जाने से देरी हो जाएगी । यह बात सुन कर मुझे एक कहावत याद आ गई है । एक रुई धुनने वाला था । उसने बड़ा ढेर रुई का देखा और घबरा गया और कहने लग गया कि कौन इसको धुनेगा । वही बात आपकी है । आपको क्या फिक्र है । कई अरब रुपये का आपका बजट है और इस काम के लिए फाइलें आने जाने की आपको क्यों चिंता हो गई है । रोज के रोज यह काम भी होता जाएगा और आपको घबराने की कोई जरूरत नहीं है ।

फांसी पर जो लटकता है उससे आप इसका मिलान करते हैं । मान लीजिये कोई मिनिस्टर है, वह तनख्वाह पाता है, पैसा पाता है और सरकारी काम करता है । अगर वह अच्छा काम करता है तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि अच्छा काम करने के लिए ही वह इस पद पर नियुक्त होता है । अगर किसी ने कोई अच्छा काम किया है तो उसका उसने पैसा पाया है, मआवजा पाया है । लेकिन जो जा कर फांसी पर लटक जाता है देश की खातिर न कि पैसे की खातिर उससे इसका मिलान करना यह कोई ठीक मिसाल नहीं है ।

स्थानीय लोगों के हाथ म इस चीज को देने की बात आप करते हैं । मैं कहता हूं कि अगर इस चीज को भी स्थानीय लोगों के हाथ में दे दिया जाए तो उनके बीच भी आपस में इसको ले कर झगड़े होने लगेंगे जैसे अब डिस्ट्रक्ट बोर्डज में और म्यूनिसिपैलिटियों में होते हैं । सैंटर एक पवित्र चीज है । यहां पर हाई तबके के लोग हैं । हम बड़े बड़े काम कर रहे हैं, भाखड़ा बांध हमने बनाया है, गंडक योजना बन रही है और उस पर काम हो रहा है, इसी तरह से दूसरे प्रान्तों में कई बड़े बड़े निर्माण के कार्य हो रहे हैं, मैं उनके बारे में कह रहा था । छोटे मोटे कार्यों के लिए जिन में हजार या दो हजार या दस हजार खर्च आता है, उनकी मुझे चिन्ता नहीं है । इस वास्ते जो इन्होंने कहा है कि स्थानीय लोगों के हाथ में इसको दे दिया जाए, उससे मैं इत्तिफाक नहीं करता हूं ।

माननीय मंत्री जी के जवाब को सुन कर मुझे एक उदाहरण याद हो आया कि जहां जहां धुआं देखा उन्होंने समझा कि अग्नि है । एक शंकर मार्किट का उदाहरण ही मैंने नहीं दिया कई उदाहरण दिए हैं और मैं और भी उदाहरण दे सकता था लेकिन मुझे समय कुल बीस मिनट का दिया गया था और उसमें मैं और ज्यादा उदाहरण कहां से देता । सैंट्रल गवर्नमेंट में कोई अफसर हो जो कि तनख्वाह पाता हो और उसने कोई निर्माण का काम करवाया हो तो उसके पूर्ण हो जाने पर अगर वह उसका नाम अपने नाम के साथ जोड़ देता है तो यह अच्छा नहीं लगता है ।

मेरे प्रस्ताव को माननीय मंत्री जी ने समझा नहीं प्रतीत होता है । मैंने स्पष्ट अपने प्रस्ताव मे कहाहै कि इनके नाम ऐसे व्यक्तियों के

नाम पर रखें जायें जिन्होंने किसी भी क्षेत्र में देश की उन्नति के लिए संघर्ष किया हो तथा संग्राम में भाग लिया हो । मैं ने कहीं भी यह नहीं कहा है कि राष्ट्रपति जी ने नाम के पीछे किसी चीज का नामकरण नहीं होना चाहिए । मैं ने अपने भाषण में कहा है कि ऐसे लोग जिन्होंने तपस्या की है त्याग किया है और आज सरकार में हैं, उनके नाम रहने चाहिये लेकिन ऐसे लोगों के नाम नहीं रहनी चाहिए जिन्होंने न तपस्या की हो और न कोई त्याग किया हो बल्कि केवल मंत्री किसी तरह से बन गये हों त्यागियों की संख्या रोज-ब-रोज, उपाध्यक्ष महोदय, कम हो रही है (*Interruptions*) इसलिए मेरा ख्याल है. . .

उपाध्यक्ष महोदय : त्यागी अगर एक हो तो वह भी बहुत है, आप ज्यादा न करिये ।

श्री विभूति मिश्र : मैं यह नहीं कहता कि आगे हमारे देश में त्यागी पैदा नहीं होंगे । त्यागी आगे भी पैदा होंगे और ऐसे ऐसे भी होंगे जो हम से ज्यादा त्याग करेंगे और उनके नाम पर अगर नाम रखे जायें तो किसी को कोई एतराज नहीं होगा । जिन्होंने हिन्दुस्तान की आजादी के लिए काम किया है और जो चाहे आज जिन्दा हैं, उनके नाम के पीछे उनके नाम अगर रख दिये जाते हैं तो कोई एतराज की बात नहीं है । फर्ज कीजिये हमारे ऊपर कोई चढ़ाई करता है और हमारी सीमा पर जो हमारे जवान हैं या दूसरे लोग हैं वे उसका ही मुकाबला करते हुए वीर गति को प्राप्त हो जाते हैं, तो उनके नाम के पीछे भी ऐसी चीजों के नाम रखे जा सकते हैं । कैसा त्याग किया हो, कैसी तपस्या की हो इसका लेखा जोखा सरकार कर सकती है ।

यह सही बात है कि हमारे प्रधान मंत्री परसनैलिटी कल्ट के खिलाफ हैं । चूंकि वह इसके खिलाफ हैं, इसीलिए देश में सारा काम चल रहा है, बड़ी खूबी के साथ चल रहा है । वह महान नेता हैं । अगर वह तपस्वी और त्यागी नहीं होते तो दूसरी ही हालत आज हिन्दुस्तान की होती । उनके बल और बूते पर ही सारी चीज चल रही है ।

यहां पर टालस्टाय का नाम लिया है, रूसो का नाम लिया गया है हयूम साहब का नाम लिया गया है जो कि कांग्रेस के जन्म-दाता थे । इन सब के नाम के पीछे इन चीजों के नाम रखे जाने को किसी को एतराज नहीं है । एतराज इस बात से है कि नामकरण को आप सस्ता न करें । आपको कानून बनाना होगा ताकि बहुत सोच विचार के बाद ही किसी चीज का नाम करण किया जा सके ।

उपाध्यक्ष महोदय : अब क्या आप अपने प्रस्ताव को वापिस लेते हैं या नहीं लेते हैं ?

श्री विभूति मिश्र : वापिस लेता हूं ।

The resolution was, by leave, withdrawn.

15.47 hrs.

RESOLUTION RE: NATIONAL INTEGRATION DAY

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं

उपाध्यक्ष महोदय : इसके लिए भी समय नियत नहीं किया गया है । क्या ४५ मिनट इसके लिए काफी होंगे ?

कुछ माननीय सदस्य : आधा घंटा काफी है ।

श्री स० मो० बनर्जी : राष्ट्रीय एकता दिवस सम्बन्धी यह प्रस्ताव है ।

उपाध्यक्ष महोदय : आपको पंद्रह मिनट काफी होंगे ?

श्री स० मो० बनर्जी : पंद्रह सोलह मिनट तो मुझे चाहियें ।

उपाध्यक्ष महोदय : बहुत अच्छा आप ले लीजिये ।

श्री स० मो० बनर्जी : मेरा संकल्प इस प्रकार है :

> "इस सभा की यह राय है कि २५ मार्च को, जिस दिन स्वर्गीय गणेश शंकर विद्यार्थी ने साम्प्रदायिक एकता को स्थापित करने के लिये कानपुर में अपने प्राणों की आहुति दी थी, राष्ट्रीय एकता दिवस घोषित कर दिया जाए ।"

उपाध्यक्ष महोदय, मैं डाक और तार मंत्री जी का बहुत आभारी हूं कि चार साल तक मतवातर प्रश्न के बाद इस बार पहली मर्तबा २५ मार्च को जिस दिन विद्यार्थी जी ने अपने प्राणों की आहुति दी थी कम-अज-कम कोमैमोरेशन स्टाम्प पंद्रह नए पैसे का उन्होंने निकलवाया । हमारी केन्द्रीय सरकार के कोई मंत्री या हमारे पूज्य प्रधान मंत्री जी जब कभी कानपुर जाते हैं तो कहते हैं कि कि कानपुर शहर विद्यार्थी जी का शहर है । इस अवसर पर इसबार कानपुर जाने के लिए मैंने उनको पत्र भी लिखा था लेकिन ऐसा मालूम होता है कि शायद समय न होने के कारण वह वहां जा नहीं सके हैं ।

उपाध्यक्ष महोदय, विद्यार्थी जी के जीवन के बारे में जब कोई बात होती है तो राष्ट्रीय आन्दोलन में जिन्होंने हिस्सा लिया या नहीं भी लिया, कम-अज-कम उनकी कुर्बानी, उनके त्याग, उनकी तपस्या के बारे में मैं समझता हूं कि मेरा कुछ न कहना ही अच्छा है क्योंकि सभी इससे भली भांति वाकिफ हैं । मैं सिर्फ इतना ही याद दिलाना चाहता हूं माननीय सदस्यों को कि २५ मार्च १९३१ के दिन जब उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी थी तब उनका केवल एक हाथ ही मिला था, बाकी शरीर नहीं मिला और उस खबर को जब गांधी जी तक पहुंचाया गया तो उन्होंने जो कुछ कहा वह मैं इस सदन के समक्ष रखना चाहता हूं । उन्होंने कहा :—

> "The death of Ganesh Shankar Vidyarthi was one to be envied by us all".

ठीक उसके १७ साल बाद गांधी जी ने भी अपने प्राणों की आहुति दी और वह भी हिन्दू मुसलमानों के फसादों को रोकने के लिए ।

16 hrs.

हम देश का निर्माण करना चाहते हैं और हम चाहते हैं कि हमारा देश दुबारा सुनहरा हिन्दुस्तान बन जाए और यहां पर लोग खुशहाल हों । इस सब के लिए यह जरूरी है कि साम्प्रदायिकता के खिलाफ हम मोर्चा लगायें और इसका एक ही तरीका है कि हम हिन्दुओं और मुसलमानों को समझाने की कोशिश करें और उन से कहें कि हमारी यह जो लड़ाई है, हमें जो आपस में लड़ते हैं, यह लड़ाई आखिर दाढ़ी और चोटी की नहीं है, बल्कि जो लड़ाई हमें लड़नी है वह रोजी और रोटी की लड़नी है । मैं समझता हूं कि अगर लोगों का ध्यान आर्थिक चीजों पर दिलाया जाए तो देश का एकीकरण आसानी से हो सकता है । आज जब इस प्रस्ताव के ऊपर बहस हो रही है, मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि हो सकता है साम्प्रदायिकता को बढ़ाने में हमारे माननीय और पूज्य प्रधान मंत्री जी का हाथ न हो लेकिन कांग्रेस को, कांग्रेसी हुकूमत को या रूलिंग पार्टी को मैं जरूर कहूंगा कि हम ने उन को आगाह किया था, उन को चेतावनी दी थी जब उन्होंने मुसलिम लीग से समझौता किया था, उस सड़ी हुई, गली हुई मुसलिम लीग की लाश को, जिसे दफना दिया था अचानक निकाल कर जब यह कहा गया कि यह मुसलिम लीग वह मुसलिम लीग नहीं है जो फिर्कापरस्ती को आधार बना कर हिन्दुस्तान में रहेगी, यह तो तहजीब और तमद्दन के आधार पर रहेगी, तो कुछ लोगों ने, और मुझे ख्याल है मौलाना हिफ्जुर्रहमान साहब ने और बहुत से सदस्यों ने, उस की मुखालिफत की थी और कहा था कि यह जो फिर्कापरस्ती को उभारने की कोशिश की जा रही है, कहीं ऐसा न हो कि वह सड़ी हुई लाश हिन्दुस्तान भर में घूमने लगे ।

और उसी के साथ साथ हिन्दू सम्प्रदायवाद अखंड भारत के नाम से आगे चलने लगे। मुझे याद है कि एक बहुत पुरानी और मशहूर कहानी है हालैंड की। एक लड़की पैदा हुई और जब छः साल की उम्र उस लड़की की थी तो वह इतनी बड़ी मालूम होती थी जैसे सोलह साल की हो। जब वह बड़ी हो गई और शादी की उम्र हो गई तो उस के पिता ने कहा तुम्हारी शादी होगी। लेकिन वह लड़की कुछ अजीब सी थी, कुछ शोख थी, उस ने जिद की और कहा कि अगर मैं शादी करूंगी तो सिर्फ शैतान से ही शादी करूंगी। उसे बहुत मनाया गया कि शैतान से शादी मत कर, मेरी बच्ची। मुझे यह डर नहीं है कि तुम्हारी शादी शैतान से हो जायेगी, लेकिन बाद में जो औलाद होगी उस का क्या होगा? लेकिन वह लड़की नहीं मानी और उस की शादी शैतान से हो गई। कुछ दिनों बाद जब औलाद पैदा हुई तो देखा गया कि उस का मुंह अजीब किस्म का है, जो इन्सान से मिलता जुलता नहीं, सारे बदन में उस के बड़े बड़े रोयें थे, पैर की जगह खुर थे। जब उस लड़की ने अपनी औलाद को देखा तो हाय कर के मर गई। लेकिन वह औलाद आज भी हिन्दुस्तान में घूम रही है। इस लिये जब कांग्रेस ने मुसलिम लीग से शादी रचाने की कोशिश की तो उस की औलाद को हम ने देखा अलीगढ़ में।

श्री त्यागी (देहरादून) : औलाद की हद तक नहीं पहुंची।

श्री स० मो० बनर्जी : उस की औलाद को हम ने देखा जबलपुर में, चन्दौसी में और दूसरी जगहों में। मैं समझता हूं कि वह गलत फैसला था। फिर भी मैं कहता हूं कि हमारे देश के पूज्य प्रधान मंत्री जी चाहते हैं कि देश का एकीकरण हो और इस लिये वे चाहते हैं कि जीवन के आदर्श को ले कर हम चलें। मैं समझता हूं कि हम लोग इस में कामयाब होंगे।

जब जनसंघ ने इस चुनाव में कानपुर शहर में मजहबी चीजों को उभारने की कोशिश की तो कानपुर शहर में जनता से एक ही बात हमने कही थी कि यह गणेश शंकर विद्यार्थी जी का शहर है और गणेश शंकर विद्यार्थी जी का शहर रहेगा। इस को हम नाथू राम गोडसे का शहर नहीं बनने देंगे, और यकीन मानिये हम ने उस को नहीं बनने दिया। तो मैं ही समझता हूं कि विद्यार्थी जी के बारे में सदा हम बात करते हैं। जब वोट और एलेक्शन का जमाना आता है तो हम को विद्यार्थी जी याद आते हैं। स्टैचू उनकी अनवेल करने हमारे पूज्य प्रधान मंत्री जी गये थे, तो जहां पर उन की स्टैचू लगाई जानी चाहिये थी, जहां पर कि महारानी विक्टोरिया की स्टैचू थी, और उस को हटा दिया गया था, वह जगह खाली थी, लेकिन विद्यार्थी जी की स्टैचू को वहां नहीं लगाया गया। उन की स्टैचू एक ऐसी जगह रक्खी गई। जहां पर कि लोगों को बतलाना पड़ता है कि फलानी जगह उन की स्टैचू है। जहां पर महारानी विक्टोरिया की स्टैचू थी वहां पर शायद कानपुर के एक बड़े सरमायेदार की स्टैचू लगाई जाय। उस सरमायेदार का खान्दान कोई अमर नहीं है, कभी वह मरेगा। उस के मरने के बाद उस की स्टैचू लगेगी। जब हमारे पूज्य प्रधान मंत्री जी कानपुर शहर में तशरीफ ले गये थे तो मैं चाहता था कि उन से इस बारे में कहूंगा लेकिन जब वे वहां जाते हैं तो हमारे और उन के बीच में पुलिस की दीवार खड़ी हो जाती है और मैं अपनी बात नहीं कह सकता। इस लिये मैं कहूंगा कि विद्यार्थी जी के जीवन को अगर हम देखें और उस पर सोचें तो पायेंगे कि देश के एकीकरण के बारे में विद्यार्थी जी ने अपनी जान दे दी, जिस एकीकरण के बारे में नारा सिर्फ कांग्रेस पार्टी का ही नहीं बल्कि मुख्तलिफ़ राजनीतिक पार्टियों का भी है जो कि देश के एकीकरण में विश्वास करती हैं।

जब सन् १९३१ में जेल से निकलने के बाद विद्यार्थी जी अस्वस्थ थे, उसी वक्त वे कराची जा रहे थे कांग्रेस सेशन अटेंड करने के लिए। उसी वक्त उनको मालूम

[श्री स० मो० बनर्जी]

हुआ कि कानपुर में दंगा हो रहा है। मैं बड़ा बदनसीब हूं कि जब मैं कानपुर शहर में आया तो उस वक्त विद्यार्थी जी नहीं थे। या उस वक्त मैं बहुत छोटा था, इसलिये मुझे यह सौभाग्य नहीं प्राप्त हुआ कि मैं उनके दर्शन कर सकूं। लेकिन मैंने उनकी कहानी को वहां सुना कि उन्होंने दो हजार मुसलमान परिवारों को निकाला, तकरीबन दो हजार या डेढ़ हजार हिन्दू परिवारों को उन्होंने निकाला। २४ तारीख को जब वे जख्मी हुए थे तो कुछ लोगों ने उनसे कहा कि आप बाहर मत निकलिये। लेकिन उन्होंने कहा कि नहीं, मैं अपनी मंजिल तक पहुंचना चाहता हूं, और मेरी मंजिल दूर नहीं है। २५ तारीख को इस तरीके से उनको मारा गया कि उनका शव नहीं मिला, केवल एक हाथ मिला जिसको देख कर लोगों ने पहचाना कि यह विद्यार्थी जी का हाथ है। इसलिये मैं निवेदन करूंगा कि १५ नये पैसे का टिकट आप बनायें। मुझे उसकी खुशी है। अभी २५ मार्च को हम लोगों ने विद्यार्थी जी का मृत्यु दिवस मनाया। नागरिक समिति की ओर से मैं चाहता था कि नगर पैमाने पर उस दिवस को मनाया जाय, लेकिन हम नेशनल इन्टेग्रेशन की बात तो करते हैं मगर एक साथ कोई मीटिंग नहीं कर सकते। यह कितना बड़ा दुर्भाग्य है इस देश का। मैंने अपने कांग्रेसी भाइयों से निवेदन किया था कि आइये, विद्यार्थी जी के दिवस को, विद्यार्थी जी के मृत्यु दिवस को, मार्टर्स डे के रूप में एक साथ मनायें। लेकिन वह नहीं हुआ। मालूम नहीं कि उनके विचार संकुचित थे या हमारे, लेकिन जो होना चाहिये था वह हुआ नहीं। अभी भी एक प्रस्ताव नागरिक समिति की ओर से मैंने पेश किया था जो कि इस सदन में पढ़ना चाहता हूं :

"चौबे गोला, जिस जगह उनको मारा गया था, हम चाहते हैं कि वहां एक शान्ति स्तम्भ बनाया जाय।"

शायद मंत्री महोदय की ओर से यह कहा जायेगा कि आप प्रान्तीय सरकार से कहिये। प्रान्तीय सरकार से हम कहेंगे, लेकिन विद्यार्थी जी का जीवन प्रान्तीय पैमाने पर नहीं था। मैं तो कहता हूं कि गांधी जी के बाद या गांधी जी को छोड़ कर अगर हम देखें तो हिन्दू मुस्लिम एकता के बारे में, देश के एकीकरण के बारे में, कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है जिसने इतना त्याग या बलिदान किया हो। आखिर उनकी उम्र ही क्या थी? ४१ साल की। सन् १८९० में वे पैदा हुए थे, एक मामूली क्लर्क के बेटे थे, मैट्रिक तक मुश्किल से शिक्षा पाई थी, लेकिन प्रताप के द्वारा उन्होंने जो ज्वाला देश में फैलाई किसान के लिये लड़े चाहे वह बरेली में हों या मैनपुरी में हों, मजदूरों के सब से बड़े हमदर्द, सरमायेदारों के अत्याचारों के खिलाफ, अगर किसी ने कुछ किया तो विद्यार्थी जी ने किया। दूसरी तरह होम रूल आन्दोलन में उन्होंने हिस्सा लिया, लेकिन कभी साम्राज्यवाद से समझौता करने की कोशिश नहीं की। चुनाव हुए। चुनाव में वे जीते भी। उनके खिलाफ चुनीलाल गर्ग जैसा आदमी खड़ा हुआ जिसके पीछे सारे सरमायेदार थे, लेकिन दूसरी तरफ विद्यार्थी जी और उनकी गरीबों की टोली थी। यह अनोखा चुनाव हुआ था। इस लिये मैं कहूंगा कि ४१ साल की उम्र में जिन्होंने अपने जीवन की आहुति दी, आज उस चीज को लेकर हम आगे बढ़ सकते हैं।

आज विद्यार्थी बन्धुओं से कहा जाता है कि तुम राजनीति से अलग रहो, लेकिन यह जो राइट रिएक्शनरी फोर्सेज हैं, चाहे वह स्वतंत्र पार्टी हो चाहे जनसंघ हो चाहे हिन्दू महा सभा हो, वे उनके दिमागों को अपने कब्जे में करके उनको दूसरी ओर ले जाना चाहती हैं यह कह कर कि तुम कम्युनिस्ट पार्टी

से डरो, प्रगतिशील पार्टियों से डरो तुमको अपने देश की परम्पराओं के आधार पर चलना है । मैं समझता हूं कि हो सकता है कि नेशनल इंटिग्रेशन डे देश भर में हम मनायें । हम उस दिन विद्यार्थियों से साफ तरीके से कहें कि आज अगर देश को खतरा है तो वाम पन्थियों से खतरा है। आज प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि खतरा अगर देश को है तो राइट रिएक्शनरी फोर्सेज से, राइट से खतरा है । इस लिये मैं कहूंगा कि नेशनल इंटिग्रेशन का प्रस्ताव अगर मान लिया जाय तो अच्छा है । और मैं तो चाहता हूं कि सारे देश में एक शान्ति दल की स्थापना की जाय । हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई को एक करने के लिये, बंगाली, बिहारी, पंजाबी और तमाम दूसरे लोगों को एक करने के लिये आज जरूरत इस बात की है कि विद्यार्थी जी के जीवन को हम दोहराने की कोशिश करें ।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस प्रस्ताव को जब सदन के सम्मुख प्रस्तुत कर रहा हूं तो मैं अपने कांग्रेसी भाइयों से निवेदन करना चाहता हूं कि यह कोई इलेक्शन से पहले की चीज नहीं है कि लोग यह समझें कि साहब इलेक्शन है । मैं एक ही चीज कहूंगा कि मैं विद्यार्थी जी के पद चिन्हों पर चलना चाहता हूं और आप भी चलते हैं, इसलिये यदि इस प्रस्ताव को मान लिया जाये तो देश में एकीकरण होगा ।

मेरी एक और छोटी सी मांग है और मैं समझता हूं कि यह सदन और हमारे प्रधान मंत्री जी मुझको खाली हाथ वापस नहीं करेंगे । स्वयं गांधी जी ने विद्यार्थी जी की प्रशंसा की है और कहा है कि कानपुर विद्यार्थी जी का शहर है । इसलिये मैं चाहता हूं कि उनकी एक तस्वीर सेंट्रल हाल में लगायी जाए ताकि हम लोग बार बार यह कह सकें कि साम्प्रदायिकता की आग को समाप्त करने के लिये जिसने अपनी जान दी उसकी तस्वीर लोक सभा के सेंट्रल हाल में है । लोग उसको देखा करेंगे और उससे प्रेरणा लेते रहेंगे । इन शब्दों के साथ मैं इस सदन से निवेदन करूंगा कि इसको मान लिया जाए और एक शान्ति दल कायम किया जाए ताकि वह हमारे नौजवानों के दिमागों को बदल सके ।

अन्त में मैं विद्यार्थी जी के चरणों में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए निवेदन करूंगा कि विद्यार्थी जी केवल कानपुर के ही नहीं थे, वह उत्तर प्रदेश के ही नहीं थे वह सारे देश के एक सेनानी थे जिन्होंने साम्प्रदायिकता का सामना करने में अपनी जान की बाजी लगा दी । इसलिये मैं कहूंगा कि उनको नेशनल लीडर के स्टेचर का लीडर मान लिया जाए और सेंट्रल हाल में उनकी तस्वीर लगायी जाए और उनकी निधन तिथि को नेशनल इंटिग्रेशन दिवस के रूप में बनाया जाए । मैं विश्वास दिला सकता हूं कि कानपुर की जनता की यह भावना है और यदि इस प्रस्ताव को मान लिया गया तो कानपुर की जनता फिरकापरस्ती के मुंह पर तमाचा मार कर कहेगी कि कानपुर विद्यार्थी जी का शहर है, वह मुस्लिम लीग का या नाथूराम गोडसे का शहर नहीं बनेगा ।

Mr. Deputy-Speaker: Resolution moved:

> "This House is of opinion that 25th March, the day on which late Shri Ganesh Shankar Vidyarthi laid down his life in Kanpur to bring communal harmony be declared as National Integration Day."

Five minutes each. Shri Sadhan Gupta.

Shri Sadhan Gupta (Calcutta-East): Mr. Deputy-Speaker, I rise to support the Resolution, because the step proposed in the Resolution is just the need of hour. There is no doubt that after

[Shri Sadhan Gupta]

great efforts, we have kept the country clear of communalism, on the whole, and for that, the democratic forces in the different parties of the country are largely responsible. But, then, communalism remains the principal hindrance to our national integration. There are other things, some provincialism of a narrow kind and so on. But, principally, it is communalism that is the greatest hindrance to national integration. This is proved not only by the unfortunate occurrences that have taken place at Jabalpur, Meerut, Chandausi, Aligarh and so on, but it is also proved by the fact that communal parties have done so well in the elections in certain regions. That is a thing to be taken very serious notice of. Because, if these parties grow, it is a positive danger to our national integration. Our country is a country of different communities and the different communities must inhabit this country on a secular basis. This principle is being seriously menaced by the success of the communal parties in the elections, like the Jan Sangh and so on. For this reason, it is very necessary that the example of heroic persons who have fought against communalism should be held up before the people, to teach them what the ideals of our country really are.

The younger Members of this House are, perhaps, not aware of Ganesh Shankar Vidyarthi. We remember that, as children, his story, his martyrdom has made a tremendous impression on us which has lasted ever since. Even in those days when due to the Hindu-Muslim riots communalism was penetrating every heart, his sacrifice had made an impression on our minds. How much greater would be the impression today when we are relatively free from communalism! How much greater impression would his noble example stamp on young minds, and how much helpful that would be for national integration!

Therefore, it is entirely necessary that these examples are held up, and particularly the day of martyrdom of Ganesh Shankar Vidyarthi be declared a day of national integration.

Of course, mere declarations would not do. All the parties concerned, and particularly, the ruling party must set an example in this matter. The example of Kerala has not been a particularly edifying one, and if side by side with parading these heroes, we follow this kind of an example and we follow this kind of an opportunism and align ourselves with communal forces, then the whole purpose is defeated. So, this must be cleared off certainly. But assuming this is done, if the example of Ganesh Shankar Vidyarthi is held up to the people, if he is suitably honoured, and the people are told, particularly the young people are told of what he stood for, why he stood for it and how he stood for it, then I am sure a great step forward would be taken in the cause of national integration.

श्री जगदीश अवस्थी (बिल्हौर) : उपाध्यक्ष महोदय, आज जब द्वितीय लोक सभा के अवसान पर हम लोग अलग हो जाएंगे और यह सत्र समाप्त हो जाएगा, हमारे मित्र श्री एस० एम० बनर्जी साहब ने एक बहुत उत्तम प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जिसमें सरकार से कहा गया है कि स्व० अमर शहीद श्री गणेश शंकर विद्यार्थी का जो २५ मार्च सन् १९३१ को कानपुर में निधन हुआ, उस दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाए और उस दिवस को इस रूप में घोषित किया जाए कि सारे देश में उस दिन लोग विचार करें कि स्व० विद्यार्थी जी किस लिए बलिदान हुए थे ।

मैं सदन को स्मरण दिलाऊं कि जिस दिन विद्यार्थी जी का बलिदान हुआ उस दिन सारे मुल्क में एक तहलका मचा हुआ था और शायद हमारे माननीय सदस्यों को याद होगा कि उस दिन सरदार भगत सिंह राज गुरु और सुखदेई को पंजाब

में फांसी हुई थी । सारे देश में एक रोष था और कानपुर नगर में भी एक भीषण हड़ताल हुई थी । लेकिन अंग्रेजों ने, जो कि हमेशा हिन्दुस्तानियों को लड़ाते आए थे उस राजनीतिक हड़ताल को एक दंगे का रूप दे दिया और उस पवित्र राष्ट्रीय दिवस को बदनाम करने की दृष्टि से एक दंगा खड़ा करा दिया । यह अंग्रेज की एक बड़ी चाल थी मुझे विद्यार्थी जी के साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ । लेकिन बहुत से माननीय सदस्यों को, जो आज यहां हैं, उनके साथ काम करने का अवसर मिला है । वे जानते हैं कि विद्यार्थी जी गांधीवादी होते हुए भी उग्रवादियों को हमेशा सहयोग देते रहे । उन्होंने हमेशा हिन्दू मुस्लिम एकता के लिए काम किया और इसी काम को करते करते उनका कानपुर नगर में बलिदान हुआ । उस दिन वह मना करने के बावजूद मुस्लिम क्षेत्र में गये और वह कुछ हिन्दुओं को निकाल रहे थे कि कुछ पागल व्यक्तियों ने उनकी हत्या कर दी । इसके पूर्व विद्यार्थी जी ने कई मुसलमानों को हिन्दू क्षेत्र से बचाया था । इस प्रकार उनका बलिदान हुआ ।

गांधी जी ने उनके बारे में जो कुछ कहा वह हमारे मित्र ने पढ़ कर सुनाया है । इस प्रकार गणेश शंकर बलिदान हो गए ।

कुछ दुर्भाग्य हमारे देश का यह है कि जिन जिन महान पुरुषों ने अपने देश की आजादी के लिए या राष्ट्रीय एकता के लिए बलिदान किया उन बलिदानियों को हम भूलते जा रहे हैं । यह हमारी सरकार जो इस बात का दावा करती है कि यह जनता की सरकार है और यह आजादी का महल जिसमें कि हम सब आनन्द ले रहे हैं और जो महल के देश के बलिदानियों की कुर्बानियों पर बना है, हम अपने उन बलिदानी व्यक्तियों को भूलते जा रहे हैं । उन के लिए हम कुछ कर नहीं पा रहे हैं ।

जहां तक श्री गणेश शंकर विद्यार्थी, सरदार भगत सिंह या चन्द्रशेखर आजाद का प्रश्न है यह बलिदानी लोग आज भी देश की जनता के दिलों में समाये हुए हैं और जिनके कि बलिदानपूर्ण आदर्श जीवन हमारे मन को ओतप्रोत किया करते हैं लेकिन दुःख है कि इन बलिदानी पुरुषों का जो बलिदान हुआ वह हमारी राष्ट्रीय सरकार के मन को ओतप्रोत नहीं कर पा रहा है । हम इतने भोग में फंस गये हैं कि हम उन बलिदानी व्यक्तियों को भूलते जा रहे हैं । मैं तो चाहूंगा कि श्री बनर्जी जो प्रस्ताव लाये हैं वह बड़ा समयानुकूल है क्योंकि आज के दिन राष्ट्रीय एकता की हमें अत्यधिक आवश्यकता है । हमारे प्रधान मंत्री महोदय कहते हैं कि अभी भी हमारे देश में प्रथकत्व की भावना विद्यमान है, हिन्दू-मुस्लिम की भावना विद्यमान है और आज राष्ट्रीय एकता की स्थापना के लिए यह बहुत आवश्यक है कि यह हिन्दू-मुस्लिम की भावना खत्म हो । श्री बनर्जी का यह प्रस्ताव कि २५ मार्च का दिन जिस दिन को श्री गणेश शंकर विद्यार्थी कानपुर में हिंदू-मुस्लिम एकता की बलिवेदी पर शहीद हुए उस दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस घोषित किया जाए, समयोचित है और मैं समझता हूं कि इसको सरकार को तत्काल स्वीकार कर लेना चाहिए । ऐसा करके हम सिद्ध कर देंगे कि हम फिर एक बार इस देश के अन्दर राष्ट्रीय भावात्मक एकता स्थापित करना चाहते हैं । मैं चाहूंगा कि यह सदन अपने अन्तिम क्षणों में जब कि हम विसर्जित हो रहे हैं इस पवित्र प्रस्ताव को स्वीकृत करके एक नया आदर्श स्थापित करे ।

श्री गणेश शंकर विद्यार्थी केवल कानपुर और उत्तर प्रदेश के ही न होकर समस्त देश के हैं और मैं समझता हूं कि उनके सम्बन्ध में किसी प्रकार की कोई इस तरह की बात करना कि वह किसी एक जाति विशेष के या वर्ग विशेष के थे ऐसी बात नहीं है और

[श्री जगदीश अवस्थी]

मैं चाहूंगा कि जो प्रस्ताव मेरे मित्र श्री बनर्जी ने सदन के सामने रखा है उसको सदन मुक्त रूप से स्वीकार करके एक नया आदर्श देश के सामने रक्खे ।

श्री सूरज पाण्डेय : उपाध्यक्ष महोदय, मैं श्री बनर्जी के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । जैसा कि हमारे माननीय सदस्य श्री बनर्जी ने आपको बताया है कि इस सदन को पता है कि श्री गणेश शंकर विद्यार्थी का बलिदान देश में हिन्दू-मुस्लिम एकता स्थापित करने के प्रयत्न में हुआ । यह देश का बड़ा दुर्भाग्य है कि हमारे तमाम प्रयत्नों के बावजूद अभी तक सही मायनों में हिन्दू-मुस्लिम एकता स्थापित नहीं हो पायी है और जब तब देश में हिन्दू-मुस्लिम झगड़े होते रहते हैं । कई माननीय सदस्यों ने बतलाया कि पिछले दिनों जबलपुर, अलीगढ़, मुरादाबाद और अन्य स्थानों पर भी नफरत की बिना पर साम्प्रदायिक झगड़े हुए । जैसा कि सब को मालूम है कि श्री गणेश शंकर विद्यार्थी ने हिन्दू-मुस्लिम एकता के लिए अपनी जान गंवाई इसलिये यह जरूरी हो जाता है कि हम उनकी पवित्र यादगार के लिए एक दिन निश्चित करें और २५ मार्च को जिस दिन कि वे कानपुर में शहीद हुए उस दिन को हम राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मे मनायें । कांग्रेस चूंकि देश की सबसे बड़ी पार्टी है और उसके हाथ में शासन की बागडोर भी है इसलिये उसकी इसके वास्ते सब से बड़ी जिम्मेदारी हो जाती है और वह चाहे तो इस काम को अच्छी तरीके से चला भी सकती है हालांकि उनके जो कारनामे हैं उनसे कोई बहुत उम्मीद तो नहीं की जा सकती है । मैं यह तो नहीं कहता कि कांग्रेस में तमाम व्यक्ति खराब हैं लेकिन मेरा अपना यह दावा जरूर है कि इसमें ज्यादातर लोग ऐसे हैं जो कि इन बातों को महत्व नहीं देंगे । खास तौर से कहीं कहीं तो यह चुनाव जीतने के लिए ऐसे साम्प्रदायिक दलों से समझौता करते हैं जिससे कि हमारे देश में यह जातिवाद और साम्प्रदायवाद बुरी तरह घर कर गया है । चुनावों के सिलसिले मे कांग्रेस वालों ने नाना प्रकार की जातियों के साथ गठबन्धन किया और साम्प्रदायिकता को उभारने वाली तकरीरें कीं । चुनाव जीतने की खातिर इन्होंने ऐसे ऐसे काम किये हैं जिनसे कि इस देश की प्रतिष्ठा गिरी है । लेकिन मैं समझता हूं कि यह चीज हमसे ज्यादा इन्हीं के लिये घातक सिद्ध होने वाली है । इनमें बहुत लोग प्रसन्न होते हैं कि अच्छा है कि जनसंघ को बढ़ने दो, एलेक्शन जीत लेने दो, कम्युनिस्ट पार्टी तो नहीं बढ़ने पायेगी । कुछ लोग कहते हैं कि स्वतंत्र पार्टी से ही मिल लो लेकिन उनको यह मालूम होना चाहिए कि इसका सबसे बड़ा आघात कम्युनिस्ट पार्टी पर न होकर उन्हीं पर होगा । कम्युनिस्ट पार्टी के हम लोग तो जनता के बीच में रहते हैं और उनमें काम करते हैं और आज नहीं तो कल अगर हमारा रास्ता सही है तो कामयाबी हमें अवश्य मिलेगी । जिन लोगों ने देश की आजादी के लिए और एकता के लिये अपनी जानें गवांईं उनको हम आदर नहीं प्रदान करेंगे तो इससे तो यह मालूम पड़ेगा कि सही मायनों में हम उन चीजों में विश्वास नहीं रखते हैं । इसलिए जरूरत इस बात की है कि हम इस २५ मार्च के दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मे मनायें । जैसा कि हमारे साथी ने सुझाव दिया हम उनके लिए और तो कुछ कर नहीं सकते तो कम से कम उनकी तस्वीर ही लगायें । आज जरूरत इस बात की है कि हम सारे देश में इस बात का प्रचार करें और लोगों के दिमाग मे यह बात लायें कि देश में हिन्दू-मुस्लिम एकता स्थापित होना जरूरी है और तभी हम वास्तविक अर्थों में समाजवाद की ओर बढ़ सकते हैं । अब बात तो हम समाजवाद की करें और काम ऐसे करें जो कि हमें एक दूसरे से परस्पर लड़ाते रहें और जिनसे कि देश में परस्पर

फूट बढ़ती रहे तो लाजिमी तौर पर हमारा समाजवाद का नारा कोई अर्थ नहीं रखता है । इसलिए मैं सदन का ज्यादा वक्त न लेते हुए मंत्री महोदय से कहूंगा कि उन्हें सदन को यह आश्वासन देना चाहिए और इस को या तो पवित्र पर्व के रूप में घोषित करे या श्री गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्य स्मृति को ताजा बनाये रखने के लिए और कुछ व्यवस्था करे ताकि आगे आने वाली सन्तानें उनके आदर्शमय बलिदान जीवन से प्रेरणा ग्रहण कर सकें और देश में राष्ट्रीय एकता स्थापित हो सके ।

श्री त्यागी : उपाध्यक्ष महोदय, जिन भावनाओं से प्रेरित होकर मेरे मित्र श्री बनर्जी ने यह प्रस्ताव रक्खा है उसकी तहे दिल से मैं ताईद करता हूं । जब भी हम श्री गणेश शंकर विद्यार्थी के त्याग और बलिदान का जिक्र करते हैं तो हमें रोमांच हो आता है क्योंकि हमें वह पुराना समय याद आ जाता है जिस समय कि अंग्रेज शासकों की कूटनीति के कारण हिन्दू-मुसलमानों में झगड़ा हुआ और श्री गणेश शंकर विद्यार्थी ने हिन्दू-मुस्लिम एकता लाने के प्रयत्न में अपना जीवन बलिदान कर दिया ।

मैं इस बात से इत्तिफाक करता हूं कि कांग्रेस को या किसी को भी राष्ट्रीय दल को किसी भी ऐसी जमात से जो कि आपस में झगड़ा फसाद करने वाली हो जैसे कि मुस्लिम लीग है, उससे कोई संगठन या फैसला नहीं करना चाहिए । मैं आज इस सदन मे स्वीकार करता हूं कि यह हमारी भूल हो गई थी कि गवर्नमेंट के वास्ते मुस्लिम लीग के साथ हमारा एक तरीके से संगठन बन गया था । उसके कारण देश को भी नुकसान हुआ और हमारी कांग्रेस को भी नुकसान पहुंचा है इसको स्वीकार करने में मुझे कोई ऐतराज नहीं है । हमने यह संगठन उनके साथ इस आशा से बनाया था कि शायद मुस्लिम लीग के लोगों को हम सही रास्ते पर ले आयेंगे लेकिन हमने आगे चल कर देखा कि हमारी ऐसी आशा करन बेकार साबित हुआ । इसलिए कांग्रेस का फैसला हमेशा के लिए हो गया है कि वह अब कभी भी किसी भी परिस्थिति में किसी ऐसी जमात के साथ मेल अथवा संगठन कायम नहीं करेगी जो कि फिरके-वाराना सवाल पैदा करने वाली जमात हो ।

जहां तक इस बात का ताल्लुक है कि कोई एक राष्ट्रीय दिवस मनाया जाय, मैं उसकी ताईद करता हूं । लेकिन शहीदों के अलग अलग दिन मनाने के लिए यदि बहुत सारे दिन रक्खे जायेंगे तो यह जरा मुश्किल हो जायगा ।

महात्मा गांधी की हत्या भी इसी हिन्दू-मुस्लिम एकता को लाने के प्रयत्न में हुई है । वे भी मुसलमानों की रक्षा करने की कोशिश करते थे और गांधी जी की हत्या भी उसी तरह से हुई है जैसे कि श्री गणेश शंकर विद्यार्थी की हुई थी । चूंकि गांधी जी की हत्या ३० जनवरी को हुई थी इसलिए देश में ३० जनवरी का दिन शहीद दिवस के तौर पर मनाया जाता है और मैं चाहता हूं कि मेरे मित्र मुझ से इसमें सहमत हो जायें कि चूंकि श्री गणेश शंकर विद्यार्थी के सामने भी हिन्दू-मुस्लिम एकता और राष्ट्रीय एकता का आदर्श था और गांधी जी के सामने भी वही राष्ट्रीय एकता की बात थी इसलिये मैं चाहूंगा कि यह ३० जनवरी का दिन बजाय इसका नाम शहीदी दिन रखने के इसका नाम राष्ट्रीय एकता दिवस रख दिया जाय । इस राष्ट्रीय एकता के दिन गांधी जी और उनके साथ साथ जितनी अन्य कुर्बानियां एकता के खातिर हुई हैं उन सब की याद उसी दिन मनाई जाय और उस राष्ट्रीय एकता के दिवस पर सारे देशवासी और बच्चे जितने भी इकट्ठे हो सकें स्कूल, कालिजों में और अन्य जगहों पर

[श्री त्यागी]

एकत्रित हो कर राष्ट्रीय एकता की शपथ लें और हर साल उस दिन वह शपथ देश वासियों द्वारा दुहरायी जाय ताकि हमारी राष्ट्रीय एकता सही मायनों में कायम हो सके। इसलिये मेरी तो यह राय है कि बजाय इसके कि अलग अलग दिन रखे जांय यह बहतर होगा कि इस ३० जनवरी के शहीदी दिन का नाम ही राष्ट्रीय एकता दिवस रख दिया जाय।

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Minister.

Shri Indrajit Gupta (Calcutta—South—West): Sir, I wanted to speak.

Mr. Deputy-Speaker: Unless he rises, how am I to call him?

Shri Indrajit Gupta: Sir, I rose but your eyes were not on this side.

Mr. Deputy-Speaker: I had my eyes on that side. Anyhow, let him also speak.

Shri Indrajit Gupta: Sir, I only wanted to take a few minutes in order to take this opportunity to remind the House, particularly the members of the ruling party, of what the Prime Minister has said.

Shri Tyagi: They are the serving party and not the ruling party.

Shri Indrajit Gupta: I want to remind the House of the words written by no less a person than Pandit Jawaharlal Nehru in his autobiography referring to this incident when Shri Ganesh Shankar Vidyarthi laid down his life. It is good to remember these things sometimes. May I just quote a few lines from the autobiography of Pandit Jawaharlal Nehru?

> "While we were all at Karachi news had come of the Hindu-Muslim riots at Cawnpore, to be followed, soon after, by the report of the murder of Ganesh Shankar Vidyarthi by a frenzied mob of persons whom he was trying to help. Those terrible and brutal riots were bad enough, but Ganeshji's death brought them home to us as nothing else could have done. He was known to thousands in that Congress camp and to all of use of the U.P. he was the dearest of comrades and friend, brave and intrepid, far-sighted and full of wise counsel, never downhearted, quietly working away and scorning publicity and office and the limelight."
>
> "In the pride of his youth he willingly offered his life for the cause he loved and served, and foolish hands struck him down, and deprived Cawnpore and the province of the brightest of their jewels. There was gloom over our U.P. Camp in Karachi when this news came; the glory seemed to have departed. And yet there was pride in him that he had faced death so unfalteringly and died so gloriously."

These are the words of Pandit Nehru and therefore I think it is a fitting occasion when Shri Banerjee has brought this Resolution is decide that we should do something, however late it may, to honour his memory. My hon. friend Shri Tyagi seemed to express a view that if we started commemorating the memory of so many martyrs in our country it may be very difficult. But I want to point out that the martyrs in our Independence Struggle are legion; they may run into lakhs. But he is a special type of martyr who gave his life for communal harmony and this type of martyrdom does not run into hundreds of thousands; it may be counted on your figures. Therefore, at this time when this monster of communal discord is raising its head afresh in our country, we should consider it. During the last few months we have had these incidents repeated in our country once again. Even on the very morrow of the national integration conference in Delhi, the very next day, a conflagration was let loose again in this very

State of U.P. where Vidyarthiji laid down his life. There are not only Hindu Muslim riots. In Assam also, we have seen that a new type of provincial riot has also been engineered. Whatever it may be communalism or provincialism, if sections of our people are being incited to a point where they commit violence against each other, raise their hands against each other, it is not time for us to come together and devise all possible ways and means by which we can educate our people, especially the younger generation who may be strangers to the traditions of Ghandhiji and Vidyarthiji? Should we not use all possible forms and methods of educating them and putting them on guard against this evil? I do not suggest that simply by commemorating a day, we will be able to solve this problem or, for that matter, neither can it be solved merely by setting up a national integration committee and holding a conference. We are all struggling to find some method and means. We read in the papers that it is particularly the youth of the country who indulge in such things; it is so disquieting that the school children and college boys had been drilled and trained by certain militant communalist bodies and given uniforms to drill in the Military type and trained how to wield lathis and knives. We read the statement of the Home Minister of U.P. after the riots in Aligarh and Chandausi. How do we propose to stop the youth of our country going astray if we do not adopt means of educating them against these evils? The fate of Shri Banerjee's resolution depends in the last resort on my friends opposite. I do not know what they will do or say. But I would appeal to them that this Resolution is a worthy Resolution and should commend itself to all sections of this House. I hope that the hon. Minister will receive it favourably.

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Datar): Mr. Deputy Speaker, I associate myself wholeheartedly with the noble sentiments expressed by the hon. Mover as also the other Members of this House on this Resolution. Shri Ganesh Shanker Vidyarthi, a great leader of U.P. was murdered in the cause of Hindu-Muslim unity. Exactly 31 years ago, as my friend pointed out, there were communal riots on the 25th of March 1951 and he roused Muslims from the predominantly Hindu mohallas and Hindus from the predominantly Muslim mohallas. All the same, as we are all aware, there were violent crowds and a group of 300 people very unfortunately surrounded this great hero and killed him on the streets of Kanpur itself. The body was recovered only after three days unfortunately. Therefore, we have a great name; a great social and public worker and the editor of a Hindi daily. He laid down his life for the purpose of Hindu-Muslim or communal harmony. Here is a great name which we have all to remember, and we must always be ready to do whatever is possible for bringing in national integration in the fullest sense of the term.

Then, I may point out to my hon. friend, the Mover of this Resolution, that there are certain difficulties in accepting the Resolution. One difficulty is this; the hon. Member has stated that it should be declared as the National Integration Day. Another hon. friend, Shri Tyagi, has pointed out that the better course would be to have a common national day, or, I might observe, a martyrs' day, in memory of those who died in the cause of India's freedom and communal harmony, and the names of all those persons will naturally be associated together on that day.

Secondly, so far as this Resolution is concerned, it requires to be pursued. The details also have to be worked out. Last year, in October, we had a national integration conference. That conference has appointed a 37-member national integration council. I would assure the hon. Member that I would bring this Resolution of the hon.

[Shri Datar]

Member to the attention of the national integration council. I am confident that they would advise the Government properly. So far as the question of integration is concerned, the matter would be considered from the fullest point of view, or, what can be stated as an integrated point of view, not only in the light of the money of, and the honouring of the late Ganesh Shankar Vidyarthi, but in the great cause of India's integration.

Under the circumstances, after the assurances that I have given to my hon. friend and after having fully associated myself with the expression of the high opinion in which this great act of martyrdom has been held by all sections of the Indian population, I am confident that my hon. friend will agree to withdraw this Resolution. I would not like this Resolution to be defeated.

श्री स० मो० बनर्जी : उपाध्यक्ष महोदय मुझे बड़ी खुशी है कि तमाम सदस्यों ने इस प्रस्ताव का, या जिन भावों पर मैं प्रकाश डालने की कोशिश की है, उन का समर्थन किया है । मैं यह नहीं चाहता कि गणेश शंकर विद्यार्थी के बारे में जो प्रस्ताव मैं ने रखा है, उस पर मैं इस सदन को विभाजित करूं, क्योंकि मैं समझता हूं कि हमारे देश में नेशनल इन्टेग्रेशन और साम्प्रदायिकता के खिलाफ लड़ाई पूरे देश की चीज है और मैं इस को राजनीति से बिल्कुल अलग रखना चाहता हूं । अगर हम राजनीति से ऊपर उठ कर नेशनल इन्टेग्रेशन की कोशिश नहीं करेंगे, तो हमारे तमाम जजबात बाहर निकल जायेंगे, और हम उन को रोक नहीं सकेंगे और न ही उन पर अमल कर सकेंगे ।

अफसोस यह है कि अगर एक मार्टर्ज डे या शहीद दिवस ऐसा मनाया जाये, जिस में देश की आजादी के लिये लड़ने वालों और कम्युनल हार्मनी —साम्प्रदायिक एकता— कायम रखने की कोशिश करने वालों, इन दोनों को मिला दिया जाये, तो मैं समझता हूं कि प्रस्ताव के पीछे मेरी जो भावना है वह शायद पूरी न हो । हो सकता है कि वह मेरी गलती और ना समझी हो । लेकिन फिर भी मैं दरख्वास्त करूंगा कि इस प्रस्ताव और इस पर हुई बहस को नेशनल इन्टेग्रेशन कौंसिल क पास भेजा जाये । मैं समझता हूं कि वह इस पर विचार करेगी ।

मैं चाहता था कि २५ मार्च को ऐसे दिवस के रूप में मनाया जाये कि जब गणेश शंकर विद्यार्थी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद छोटे छोटे बच्चे यह गाते हुए प्रभात-फेरी करें कि मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर करना, हिन्दी हैं हम, वतन है हिन्दुस्तान हमारा" । इस प्रकार २५ मार्च देश के लिए एक बहुत अच्छा और बहुत गर्व का दिवस हो जाता । मैं विद्यार्थी जी की तुलना गांधी जी से नहीं करना चाहता । गांधी जी के मृत्यु दिवस को मार्टर्ज डे के रूप में मनाया जाता है लेकिन विद्यार्थी जी के मृत्यु दिवस को मैं चाहता हूं कि इंटेग्रेशन के रूप में मनाया जाए ।

मैं दोहराना चाहता हूं कि जो साम्प्रदायिकता पर विश्वास करते हैं और उस पर जो चल रहे हैं, वे जिस तहजीब और तमद्दन के ऊपर जाना चाहते हैं और जो संकुचित विचारधारा को छोटे छोटे बच्चों में भरना चाहते हैं, उनका मुकाबला करने के लिये उन सभी लोगों को एक होना होगा जो साम्प्रदायिकता पर विश्वास नहीं करते हैं और उन को हमें कहना होगा ।

तुम्हारी तहजीब अपने खंजर से आप ही खुदकशी करेगी ।

जो शाखे नाजुक पर आशियाना बनेगा, ना पाएदार होगा ।

मैं समझता हूं कि जिन पार्टियों की पैदाइश, गांधी जी के कत्ल के बाद हुई वे

आज अगर देश की बात करें, देश की विचारधाराओं की बात करें तो यह एक गलत बात होगी। मैं यह नहीं कहता कि वे गलती कर रहे हैं, लेकिन वे गुमराह जरूर हैं इसी दिन को मनाने के बाद मैं समझता हूं हम लोग जरूर अपने मंजिले मकसूद पर पहुंच सकते हैं।

जो आश्वासन मंत्री महोदय की तरफ से दिया गया कि वह इस को नेशनल इंटेग्रेशन काउन्सिल के पास भेजेंगे, उस को मैं स्वीकार करता हूं और जिन मुअज्जिज दोस्तों ने इस का समर्थन किया है, उन की इजाजत से और साथ ही साथ आप की इजाजत से मैं अपने इस रेज्योल्यूशन को वापस लेता हूं। मैं नहीं चाहता कि विद्यार्थी जी के इस प्रस्ताव के भी उसी तरह से टुकड़े टुकड़े कर दिये जायें जिस तरह से विद्यार्थी जी के टुकड़े टुकड़े कर दिये गये थे। मैं नहीं चाहता कि इस प्रस्ताव के टुकड़े टुकड़े हों। मैं चाहता हूं कि यह प्रस्ताव इसी तरीके से रहे। जो भावनायें यहां पर व्यक्त की गई हैं उन को मैं विद्यार्थी जी के शहर कानपुर में जहां की जनसंख्या आज दस लाख है जा कर रखूंगा। मैं आशा करता हूं कि काउन्सिल में जा कर इसका कोई उचित फैसला होगा और काउन्सिल के मैम्बर भी इस का समर्थन करेंगे। पोलिटिकल पार्टीज जो यहां है और जो काउन्सिल में भी हैं, उन से मैं निवेदन करता हूं कि वे अवश्य इस का समर्थन करें।

इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव को वापस लेता हूं।

The resolution was, by leave, withdrawn.

16.43 hrs.

RESOLUTION *RE* NATIONALISATION OF FILM INDUSTRY

श्री अ० मु० तारिक : (जम्मू तथा काश्मीर): वक्त के बारे में जनाब क्या—

उपाध्यक्ष महोदय : पन्द्रह मिनट हैं, चाहें तो आप ले लें और चाहें तो पांच मिनट लें और कुछ समय दूसरों को दें।

श्री अ० मु० तारिक : पांच मिनट मैं लेता और बाकी मिनिस्टर साहब ले लें। मेरा रेज्योल्यशन इस तरह से है—

> "यह हाउस सरकार से मांग करता है कि फिल्म इंडस्ट्री के नेशनेलाइजेशन के सवाल पर गौर करने के लिये पार्लियामेंट के मैम्बरों और फिल्म इंडस्ट्रियलिस्टों की एक कमेटी बनाई जाये।"

इस सिलसिले में एस्टीमेट्स कमेटी ने अपनी १९६१–६२ की १५९ वीं रिपोर्ट में पैरा ९० में जो बात कही है उस की तरफ मैं आप की तवज्जह दिलाना चाहता हूं। उस ने कहा कि मौजूदा दुनिया में हिन्दुस्तान एक ऐसा तीसरा मुल्क है जहां फिल्म इंडस्ट्री काफी फैली हुई है। इस के साथ ही उस ने यह भी कहा है कि हमारे फिल्म बनाने वालों का जो रुझान है वह पैसा बनाने की तरफ ज्यादा है इंडस्ट्री की खिदमत करने की तरफ कम है। आगे चल कर उस ने सिफारिश की है कि ऐसी काउन्सिल बनाई जाये जो फिल्म इंडस्ट्री के मामलात में जाये।

जहां तक फिल्म इंडस्ट्री का ताल्लुक है, इस में कोई शक नहीं है कि मुहज्जब मुल्कों में जहां यूनिवर्सिटियां या दरगाहें कौमों को बनाती हैं वहां इस काम में फिल्में भी काफी पार्ट अदा करती हैं। इस लिहाज से हमारा यह फर्ज हो जाता है कि हम इस मसले पर गौर करें।

जहां तक हमारे मुल्क का ताल्लुक है, यह इंडस्ट्री ऐसे लोगों के हाथ में है जो फिल्म लाइन से बिल्कुल नावाकिफ है। बहुत से लोग ऐसे हैं जो इस के बारे में कुछ भी नहीं जानते हैं, कुछ भी नहीं पढ़ा है, लेकिन पैसे के बलबूते

[श्री अ० मु० तारिक]

पर बड़े बड़े प्रोड्यूसर और डायरेक्टर बन गये हैं। उन के मुकाबले में इसी इंडस्ट्री में बहुत से ऐसे लोग भी हैं जो निहायत काबिल हैं, आलिम हैं, लेकिन उन्हें खाने तक को नहीं मिलता है, उन्हें कहीं से रोजगार तक दस्तयाब नहीं होता है।

16.45 hrs.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

इस इंडस्ट्री पर कुछ लोग इस तरह से छाये हुए हैं कि एक एक फिल्म में काम करने के लिये वे सात सात और आठ आठ लाख रुपया लेते हैं। दूसरी तरफ बहुत से लोग ऐसे हैं और उन की तादाद हजारों में है जो फिल्मों को बनाने में मदद देते हैं, चाहे वे कैमरा मैन हैं, म्यूजिक डायरेक्टर हैं, गाना लिखने वाले हैं या दूसरे छोटे छोटे अदाकार हैं, उन को रोटी भी दस्तयाब नहीं होती है। यही नहीं बहुत से लोग इस इंडस्ट्री में हैं जिन की तादाद हजारों में है जिन से काम तो ले लिया जाता है लेकिन कई कई महीनों तक उन्हें पैसों की अदायगी नहीं होती है।

दूसरी चीज हमें यह देखनी है कि क्या इस इंडस्ट्री में कुछ लोग इस तरह के हैं या नहीं जो खाली दौलत ही बनाते हैं या मुल्क की भी कुछ खिदमत करते हैं। हम ने देखा है कि फिल्मी दुनिया में काम करने वले लोग बहुत कम हैं जो फिल्म की अहमियत और फिल्म के टैक्नीक से वाकफियत रखते हैं। अकसर लोग इस में ऐसे हैं जो खाली फाइनैंशियर होने की हैसियत से बड़े बड़े सरमायेदार और सेठ होने की हैसियत से, इस इंडस्ट्री पर कब्जा जमाये हुए हैं।

